RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)
कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

वर्ष : 27 | अंक : 93 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 25 मार्च, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# दिल्ली में 1 लाख करोड़ का मेगा बजट

यमुना की सफाई के लिए 500 करोड़



स्वच्छ जल के लिए 9 हजार करोड़ का बजट



अस्पतालों में सुधार के लिए 1 हजार करोड़ रुपये



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सरकार ने आज पहला बजट पेश किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश किया। बजट में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और प्रदूषण नियंत्रण जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने बजट के लिए जनता से सुझाव मांगे थे। दिल्ली में इस बार 1 लाख करोड़ का मेगा बजट पेश किया गया। बजट में महिलाओं, सीवर, यमुना की सफाई तथा दिल्ली की जनता को स्वच्छ जलद पिलाने के लिए मोटा बजट रखा गया है।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने बजट भाषण में दिल्ली की महिलाओं के लिए महत्वकांक्षी योजना का ऐलान किया. उन्होंने सदन को बताया कि महिला समृद्धि योजना के लिए बजट में 5100 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। बीजेपी ने विधानसभा चुनाव में दिल्ली के महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये की आर्थिक मदद देने का वादा किया था।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकार में सड़कों पर बहता सीवर का पानी दिल्ली की पहचान बन चुकी थी। उन्होंने शायराना अंदाज में कहा कि यकीन हो तो कोई रास्ता निकलता है, हवा की ओट लेकर भी दिया जलता है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि बीजेपी सरकार ने अपने बजट में आम आदमी पार्टी की सरकार के 15000 करोड़ रुपये की तुलना में 28000 करोड़ रुपये कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए आवंटित किया है। उन्होंने कहा कि इस बार दिल्ली का बजट 1 लाख करोड़ रुपये का है, जो पिछली सरकार के आखिरी बजट से 31 फीसदी अधिक है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक बजट बताया।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछले 10 सालों में विकास के हर पैमाने पर दिल्ली फिसलती गई. यमुना की सफाई, स्वास्थ्य सुविधाओं और वायु प्रदूषण खत्म करने के लिए कोई काम नहीं हुआ। पिछली सरकार की नीतियों की वजह से जनता त्रस्त रही।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की नई सरकार जो ऐतिहासिक जनादेश के साथ सत्ता में आई है, वह अपना पहला बजट पेश कर रही है. पूरा देश आज दिल्ली का बजट देखना चाहता है। ये केवल सरकारी लेखा-जोखा नहीं है बल्कि 10 साल से बेहाल दिल्ली को विकसित बनाने के लिए यह बजट है।

### बजट में खास घोषणाऐं

- 210 करोड़ रुपये गर्भवती महिलाएं के लिए
- महिलाओं को 2500 रुपये प्रति माह मिलेंगे
- जन आरोग्य बीमा में पांच लाख रुपये का अतिरिक्त बीमा
- महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ रुपये
- जनता को अब 10 लाख रुपये का बीमा मिलेगा
- 50 हजार अतिरिक्त कैमरे लगाए जाएंगे
- कनेक्टिविटी सुधार के लिए एक हजार करोड़
- झुग्गियों के लिए 696 करोड़ रुपये
- गरीबों के लिए अटल कैंटीन खोली जाएगी, 100 करोड़ आवंटित
- व्यापारियों के लिए फेडरल वेलफेयर बोर्ड बनाया जाएगा
- प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 20 करोड़ रुपये
- यमुना सफाई पर 500 करोड़
- स्वच्छ जल के लिए 9 हजार करोड़
- अस्पतालों में सुधार के लिए 1 हजार करोड़
- दिल्ली में होगी ग्लोबल समिट
- सीएम श्री स्कूल खोले जाएंगे, 100 करोड़ का बजट
- 500 करोड़ सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए
- विधायक निधि में साढ़े 300 करोड़

## सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन की मेले में दिखेगी झलक




**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन की दिशा में केंद्र सरकार के 10 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर नोएडा शिल्प हॉट सेक्टर 33ए नोएडा में प्रदेश सरकार की उपलब्धियों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों को लेकर तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ जनपद के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। यह मेला 27 मार्च तक चलेगा जिसमें प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर योजनाओं की झलक जनता को दिखेगी।

**● प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने शिल्पहॉट में तीन दिवसीय मेले का किया उद्घाटन**

शिल्पहॉट में आयोजित तीन दिवसीय मेले के शुभारंभ कार्यक्रम में गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद डा. महेश शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया, गौतमबुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, एमएलसी श्रीचंद शर्मा, दादरी के विधायक तेजपाल नागर, जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह, नोएडा के विधायक पंकज सिंह, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, नोएडा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, युवा मोर्चा के अध्यक्ष रामनिवास यादव, महामंत्री चंदगीराम यादव, महामंत्री उमेश त्यागी, डिंपल आनंद, महामंत्री गणेश जाटव, विनोद शर्मा, गिरिश कोटनाला, महेश अवाना, अर्पित मिश्रा, अशोक मिश्रा, मंडल अध्यक्ष अमित नागपाल, पूर्व अध्यक्ष जुगराज चौहान व वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष शर्मा सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन की दिशा में केंद्र सरकार के 10 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर नोएडा शिल्प हॉट सेक्टर 33ए नोएडा में आयोजित हो रहे तीन दिवसीय मेले में प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की **(शेष पृष्ठ-4 पर)**

## देशभर के युवाओं का सैलाब दिल्ली पहुंचा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** हर राज्य, हर शहर से नौजवान आज दिल्ली में संसद घेराव के लिए जुटे हैं। संसद के बाहर आज हक़ की सबसे बड़ी हुंकार का आहवान पश्चिम उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा किया गया है।

संगठन के अध्यक्ष पारस शुक्ला के नेतृत्व में सैकड़ों लोग दिल्ली संसद घेराव में शामिल हुए। गौतमबुद्धनगर के युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष जावेद खान, प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस शाहबुद्दीन, मोहम्मद चांद, श्याम दीक्षित, साहिल ख़ान, दीपक चौहान, शेखर अग्रवाल, अवनीत बेसोया, समीर, दीपक, मोहन, विवेक, पवन शर्मा व अन्य लोग भी संसद घेराव में शामिल हुए। कांग्रेस की मांग है कि केन्द्र सरकार बेरोजगार युवाओं को रोजगार दें।



## ऑटो व ई-रिक्शा पर एक्शान, 65 वाहन सीज





**नोएडा ( चेतना मंच )।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में पुलिस उपायुक्त यातायात के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस द्वारा अभियान चलाकर विभिन्न स्थानों पर चैकिंग की गई। इस दौरान ऑटो और ई-रिक्शा पर कड़ी कार्यवाही करते हुए 65 वाहन सीज किए गए।

यातायात पुलिस द्वारा अभियान के दौरान मैनुअल 3112 चालान एवं आईएसटीएमएस कैमरों द्वारा 2898 वाहनों के कुल 6010 ई-चालान और 72 वाहनों को सीज किया गया।

विशेष अभियान (बिना हेलमेट, विपरीत दिशा, नो-पार्किंग, ,लाइन चेंज,फिटनेस समाप्त/बिना नंबर प्लेट ऑटो/टेंपो/ई-रिक्शा) के अंतर्गत बिना हेलमेट-2402, विपरीत दिशा-255, नो-पार्किंग-342, लाइन चेंज 190 वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही।

इस विशेष अभियान के तहत फिटनेस समाप्त/बिना नंबर प्लेट ऑटो/ई-रिक्शा-65 वाहन सीज करने की कार्यवाही की गई।

## शादी के 15 दिन बाद ही मरवा डाला पति

### मुंह दिखाई में मिले रुपयों से दी शूटरों को सुपारी



**औरैया ( एजेंसी )।** मेरठ के बाद अब उत्तर प्रदेश के औरैया में भी पति की हत्या का एक सनसनीखेज मामले का खुलासा पुलिस ने किया है। पुलिस का दावा है कि 19 मार्च को खून से लथपथ मिले हाइड्रा चालक को मरवाने की साजिश उसकी पत्नी ने ही रची थी। शादी के 15वें ही दिन प्रेमी से मिलकर भाड़े के शूटरों को सुपारी दे दी। इसके लिए मुंह दिखाई में मिले रुपयों का उपयोग किया गया।

पुलिस ने इस हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपी पति व उसके पति को गिरफ्तार कियाहै। पुलिस के मुताबिक सुपारी के बचे रुपयों का लेनदेन करने के दौरान पुलिस ने हत्यारोपी पत्नी, उसके प्रेमी व एक शूटर को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपियों के पास से तमंचे, बाइक सहित अन्य सामान बरामद किया है। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

मैनपुरी के भोगांव थाना के नगला दीपा निवासी हाइड्रा चालक दिलीप कुमार (24) की हत्या के मामले में पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही थी। इसी दौरान सुपारी के रुपयों के लेनदेन की सूचना मिलने पर पुलिस ने हरपुरा के पास छापा मारा। जहां से सहार थानाध्यक्ष पंकज मिश्रा व स्वाट प्रभारी राजीव कुमार ने दिलीप की पत्नी प्रगति को गिरफ्तार किया।

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के चेयरमैन सुनील गुप्ता का निधन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के चेयरमैन और एनसीआर अध्यक्ष सुनील गुप्ता का निधन हो गया। वह लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। उनकी मौत की खबर सुनकर व्यापार और उद्योग जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। श्री गुप्ता का योगदान न केवल व्यापारिक क्षेत्र में बल्कि समाज सेवा में भी महत्वपूर्ण रहा।



नोएडा शहर के वह एक प्रतिष्ठित व्यापारी नेता के रूप में सुनील गुप्ता जाने जाते थे, जिन्होंने व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए थे। उनकी अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने कई सामाजिक और व्यापारिक परियोजनाओं को बढ़ावा दिया, जिससे व्यापारियों को सशक्त बनाने में मदद मिली। उनकी उपस्थिति से व्यापारियों को एक मजबूत आवाज मिली थी, और उन्होंने हमेशा व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए काम किया। उनकी योजनाओं और प्रयासों ने प्रदेश में व्यापारिक वातावरण को और अधिक प्रोत्साहित किया। श्री गुप्ता के निधन से व्यापार जगत में एक अपूरणीय क्षति हुई है।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट में जस्टिस यशवंत के ट्रांसफर का विरोध

**इलाहाबाद ( एजेंसी )।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में जस्टिस यशवंत के हालिया ट्रांसफर के बाद वकीलों ने आज से बेमियादी हड़ताल शुरू कर दी है। वकीलों ने इस ट्रांसफर को लेकर अपनी नाराजगी जताई है और इसे न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप के रूप में देखा है।

वकीलों का कहना है कि जस्टिस यशवंत का ट्रांसफर उनके कार्यक्षेत्र में अव्यवस्था का कारण बनेगा और इससे न्याय के वितरण में देरी हो सकती है। उन्होंने आरोप लगाया है कि यह कदम न्यायपालिका की स्वतंत्रता और सशक्तता को कमजोर करने की ओर एक कदम है।

इलाहाबाद हाई कोर्ट के अधिवक्ताओं ने जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता पुरजोर तरीके से जस्टिस यशवंत वर्मा का विरोध कर रहे हैं। गेट नंबर-3 पर पहुंचे अधिवक्ताओं ने बेमियादी हड़ताल बुलाई है। इलाहाबाद बार एसोसिएशन खुलकर मैदान में उतर आया है।



अधिवक्ताओं का कहना है कि भ्रष्टाचार का आरोप झेल रहे जज को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। उनकी मांग है कि दिल्ली हाई कोर्ट से उनका ट्रांसफर इलाहाबाद के लिए ना किया जाए. इस संबंध में इलाहाबाद बार एसोसिएशन ने पहले भी कहा था कि इलाहाबाद हाईकोर्ट कोई कूड़ादान नहीं है कि भ्रष्टाचार के आरोपियों को यहां न्याय देने के लिए भेजा जाए।

### घर में मिला था कैश

आपको बता दें कि बीते दिनों जस्टिस यशवंत वर्मा के दिल्ली स्थित घर में आग लगने के बाद करोड़ों रुपये कैश जलने की खबर सामने आई थी। इसी के बाद से यशवंत वर्मा विवादों में आ गए। इसी बीच एक और खबर आई कि जस्टिस यशवंत वर्मा का तबादला दिल्ली से इलाहाबाद हाई कोर्ट किया जा रहा है। इसके खिलाफ इलाहाबाद हाई कोर्ट के वकील लामबंद हो गए हैं। हाइकोर्ट बार एसोसिएशन ने जस्टिस यशवंत वर्मा के तबादले के विरोध में आज, 25 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया है। इस हड़ताल को देशभर की हाईकोर्ट बार एसोसिएशनों का समर्थन प्राप्त है।

## खुशी का सूचकांक

हाल में जारी 'हैप्पीनैस इंडेक्स' में भारत की स्थिति में कुछ सुधार की बात तो जरूर सामने आयी है,लेकिन हमारी खुशी के सूचकांक को यूक्रेन, फिलीस्तीन, नेपाल व पाक से पीछे बताना गले नहीं उतरता। खुशी के मानक निर्धारण के जो पैमाने पश्चिमी देशों द्वारा इस्तेमाल किये जाते हैं, उनकी विश्वसनीयता व तार्किकता को लेकर हमेशा सवाल उठते रहे हैं। निस्संदेह, हमारा देश दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है। हमारी प्रगति की राह पर सदियों की गुलामी के दंश अभी पूरी तरह मिटे नहीं हैं। निस्संदेह, देश में गरीबी है, बेरोजगारी बढ़ी है, महंगाई है, सामाजिक सुरक्षा में पर्याप्त प्रगति नहीं हुई है। लेकिन तबाह हो चुका फिलीस्तीन, युद्ध में बर्बाद यूक्रेन व दुनिया में मदद मांगता फिरता पाकिस्तान खुशी के मामले में हम से आगे नहीं हो सकते। भले ही देश में आर्थिक विषमता हो, पूंजी का केंद्रीयकरण चंद हाथों में हो, लेकिन इसके बावजूद हम दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती आर्थिकी हैं। लेकिन इसके बावजूद दर्शाए खुशी के सूचकांक सरकारों को आईना दिखाते हैं कि हर नागरिक की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हो, उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो, सामाजिक सुरक्षा मिले, काम के अवसर मिलें। मंथन हो कि हमारी रीति-नीतियों में कहां खोट रह गयी कि हम कथित खुशी के सूचकांक में गरीब मुल्कों के पीछे दर्शाए जा रहे हैं। हर राष्ट्रवादी व्यक्ति को ये बात चुभती है कि उसका देश खुशी के मानकों में पिछड़े देशों से भी क्यों पिछड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि फिनलैंड को दुनिया का सबसे खुश देश बताया जा रहा है। इसी कड़ी में डेनमार्क व स्वीडन भी हैं। ये विकसित देश भारत के एक शहर जितनी आबादी वाले देश हैं। इनके यहां साक्षरता दर ऊंची है व समृद्ध संसाधन उपलब्ध हैं। कहते भी हैं छोटा परिवार सुखी परिवार होता है। हमारे देश में प्रांतीय, जातीय व धार्मिक अस्मिता के नाम पर जनसंख्या बढ़ाने की दलीलें दी जा रही हैं। दुहाई दी जाती है कि हमारा धर्म इजाजत नहीं देता कि परिवार नियोजन अपनाया जाए। संसाधन सीमित हैं और खाने वाले मुंह लगातार बढ़ते जा रहे हैं। फिर भी शासन-प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार एक हकीकत है, जिसको लेकर तमाम राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय आंकड़े समय-समय पर आते रहते हैं। भ्रष्टाचार का मतलब है कि किसी के वाजिब हक का मारा जाना। शिक्षा,स्वास्थ्य व सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में हम यदि पिछड़े हैं तो कहीं न कहीं ये हमारे नीति-नियंताओं की विफलता भी है। यह हमारे लोकतंत्र की भी विडंबना है कि मतदान का अधिकार रखने वाले चुनाव के दौरान योग्य प्रतिनिधियों के चयन से चूकते हैं। यही वजह कि जनप्रतिनिधि संस्थाओं में दागदार नुमाइंदों की उपस्थिति बढ़ती जा रही है। जब ऐसे तत्व हमारे भाग्य-विधाता बनेंगे तो खुशी कहां से आएगी? स्पष्ट है कि यदि हम खुशी के मानकों में खरे नहीं उतरे हैं तो नीतियां बनाने वालों को आत्ममंथन करना होगा। जागरूक नागरिक व जिम्मेदार राजनीतिक नेतृत्व तसवीर बदल सकता है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि जिस ओर नारदजी ( रूप के गर्व में ) फूले बैठे थे, उस ओर उसने भूलकर भी नहीं ताका। नारद मुनि बार-बार उचकते और छटपटाते हैं। उनकी दशा देखकर शिवजी के गण मुसकराते हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**धरि नृपतनु तहँ गयउ कृपाला। कुअँरि हरषि मेलेउ जयमाला॥**
**दुलहिनि लै गे लच्छिनिवासा। नृपसमाज सब भयउ निरासा॥**

कृपालु भगवान भी राजा का शरीर धारण कर वहाँ जा पहुँचे। राजकुमारी ने हर्षित होकर उनके गले में जयमाला डाल दी। लक्ष्मीनिवास भगवान दुलहिन को ले गए। सारी राजमंडली निराश हो गई॥

**मुनि अति बिकल मोहँ मति नाठी। मनि गिरि गई छूटि जनु गाँठी॥**
**तब हर गन बोले मुसुकाई। निज मुख मुकुर बिलोकहु जाई॥**

मोह के कारण मुनि की बुद्धि नष्ट हो गई थी, इससे वे (राजकुमारी को गई देख) बहुत ही विकल हो गए। मानो गाँठ से छूटकर मणि गिर गई हो। तब शिवजी के गणों ने मुसकराकर कहा- जाकर दर्पण में अपना मुँह तो देखिए!॥

**अस कहि दोउ भागे भयँ भारी। बदन दीख मुनि बारि निहारी॥**
**बेषु बिलोकि क्रोध अति बाढ़ा। तिन्हहि सराप दीन्ह अति गाढ़ा॥**

ऐसा कहकर वे दोनों बहुत भयभीत होकर भागे। मुनि ने जल में झाँककर अपना मुँह देखा। अपना रूप देखकर उनका क्रोध बहुत बढ़ गया। उन्होंने शिवजी के उन गणों को अत्यन्त कठोर शाप दिया-॥

(क्रमशः...)

# घटती महंगाई से बढ़ेगी आर्थिकी

हाल ही में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार भारत की खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी 2025 में घटकर सात महीने के निचले स्तर 3.61 प्रतिशत पर आ गई, जबकि खाद्य मुद्रास्फीति लगभग दो वर्षों में पहली बार 4 प्रतिशत से नीचे आ गई है। यह महत्वपूर्ण है कि खुदरा मुद्राफीति में पिछले साल अक्टूबर के बाद से ही गिरावट आ रही है। अक्टूबर महीने में यह 10.87 फीसदी के स्तर पर थी। ऐसे में समग्र मुद्रास्फीति दर भी कुछ समय तक ऊंची बनी रही और भारतीय रिजर्व बैंक के लिए नीतिगत जटिलताओं का परिदृश्य निर्मित हुआ था। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक महंगाई और ब्याज दर में संतुलन बनाए रखने की नीति पर लगातार आगे बढ़ा और फिर उपयुक्त पाए जाने पर विगत 7 फरवरी को आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती कर इसे 6.25 फीसदी किया है। अब महंगाई और घटने से भारतीय रिजर्व बैंक की आगामी अप्रैल 2025 बैठक में ब्याज दरों में अधिक कटौती की उम्मीदें मजबूत हो गई हैं। इतना ही नहीं, इस समय इस बात के भी संकेत उभरकर दिखाई दे रहे हैं कि अर्थव्यवस्था में मांग और खपत बढ़ाने के लिए वित्त मंत्रालय इसी वर्ष 2025 में लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों को घटा सकता है। बचत योजनाओं की ब्याज दरों में कटौती से लोग धन खर्च करने के लिए आगे बढ़ेंगे। इसमें कोई मत नहीं हैं कि ब्याज दरें अधिक होने से उपभोक्ता कर्ज लेने से पीछे हट रहे थे और कर्ज की अधिक लागत से उद्यमी भी विस्तार की योजनाओं के लिए तत्परता नहीं दिखा रहे थे।

ऐसे में नए फैसलों से लोगों की क्रयशक्ति और खपत बढ्ने से विकास दर को गति दी जा सकेगी। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर रहने के बाद देश में खुदरा मुद्रास्फीति के काफी नीचे आने के पीछे एक प्रमुख कारण बेहतर कृषि उत्पादन भी है। हाल ही में जारी 2024-25 में प्रमुख फसलों के उत्पादन के दूसरे अग्रिम अनुमान के मुताबिक खरीफ में पिछले साल से 7.9 फीसदी अधिक खाद्यान्न उत्पादन होने का अनुमान है और रबी की खाद्यान्न उपज में भी 6 फीसदी बढ़ोतरी की संभावना है। इससे गेहूं, चावल और मक्के की फसल का उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच सकता है। साथ ही अन्य खाद्यान्नों तथा मोटे अनाज, तुअर और चना का उत्पादन भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच सकता है। इसी तरह फल और सब्जी उत्पादन में भी तेज वृद्धि होगी। फल और सब्जी उत्पादन के मद्देनजर भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है।




**यद्यपि खाद्य कीमतों में तेज गिरावट और कम मुख्य मुद्रास्फीति के कारण नीतिगत दरों में कटौती की गुंजाइश बनती है, किन्तु घटती महंगाई और बढ़ते खाद्य उत्पादन को देखकर सरकार को कृषि क्षेत्र में लंबे समय से पसरी हुई चुनौतियों से नजर हटाने से बचना होगा। मौसम की अतिकारी घटनाओं तथा जलवायु परिवर्तन से निर्मित होने वाली समस्याओं पर लगातार ध्यान देना होगा। किसानों को मिलने वाली कीमत और उपभोक्ताओं द्वारा चुकाए जाने वाले मूल्य में भारी अंतर, भंडारण तथा गोदामों की कमी के कारण फसलों की बरबादी, खेत और मंडियों के बीच दूरी और खस्ताहाल सडक़ों जैसी रुकावटों को दूर करने पर निरंतर ध्यान देना होगा।**

अनुमान के मुताबिक 2024-25 में बागवानी फसल उत्पादन 36.21 करोड़ टन रह सकता है, जो 2023-24 की तुलना में 2.07 फीसदी ज्यादा होगा। इतना ही नहीं, वर्ष 2024-25 की सकल घरेलू उत्पाद में (जीडीपी में) कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में 4.6 फीसदी वृद्धि हो सकती है। पिछले साल यह वृद्धि दर 2.7 फीसदी थी।

यहां यह उल्लेखनीय है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की फरवरी 2025 की बुलेटिन और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की रिसर्च रिपोर्ट 2025 में एकमत से कहा गया है कि अब देश में आर्थिक गतिविधियों में तेजी के जोरदार संकेत विकास दर को बढ़ाने वाले सकारात्मक संदेश हैं। सरकार के पूंजीगत खर्च बढ्ने, ग्रामीण मांग के साथ-साथ शहरी मांग में सुधार तथा महंगाई में कमी से अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। आरबीआई के द्वारा जारी बुलेटिन में यह कहा गया है कि विकास संकेतक मसलन वाहन की बिक्री, हवाई यातायात, इस्पात खपत आदि देश की गतिविधियों में वृद्धि का संकेत दे रहे हैं और इन गतिविधियों में आगे भी तेजी की संभावना है। कहा गया है कि विकास के चार इंजन कृषि. एमएसएमई, निवेश और निर्यात को बढ़ावा देने को लेकर एक अप्रैल से प्रभावी होने वाले वर्ष 2025-26 बजट में किए उपायों से भारतीय अर्थव्यवस्था की मध्यम अवधि की विकास संभावनाओं को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। कृषि क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन से ग्रामीण मांग को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में घोषित आयकर राहत के बीच मुद्रास्फीति में गिरावट के साथ खर्च योग्य आय में वृद्धि को देखते हुए शहरी मांग में भी बड़े सुधार की उम्मीद है। वित्तमंत्री सीतारमण ने जिस तरह आयकर के नए टैक्स रिजीम की व्यवस्थाओं के तहत करदाताओं को अभूतपूर्व राहतों से लाभान्वित किया गया है, उससे खपत तेजी से बढ़ेगी। इसी तरह एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में यह बात जोर देकर कही गई है कि डोनॉल्ड ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति बनने और उनके द्वारा पास्परिक ट्रेरिफ लगाने से निर्मित विपरीत वैश्विक आर्थिक हालात के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की नई मजबूत आर्थिक संभावनाएं हैं। निन्संदेह देश में महंगाई दर घटने से विकास दर को गति मिल रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि जब इस समय दुनिया के कई देशों में महंगाई बेकाबू बनी हुई है, तब भारत में महंगाई घट रही है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलीना जॉर्जीवा ने स्वीकार किया है कि हम दुनिया में वर्ष 2024 तक महंगाई पर काबू पाने में कामयाब नहीं हुए हैं।

इसलिए अब हम दुनिया में बढ़ती महंगाई को रोकने के लिए हरसंभव नए प्रयास करेंगे। ऐसे में भारत के लिए खास बात यह भी है कि रिजर्व बैंक के मुताबिक 2025-26 में खुदरा मुद्रास्फीति औसतन 4.2 फीसदी रहेगी, जो चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 4.8 फीसदी है। ऐसे में कृषि उत्पादन बढ्ने से खाद्य महंगाई और ब्याज दर में स्वाभाविक रूप से कमी आएगी और कुल खपत भी बढ़ेगी। यद्यपि खाद्य कीमतों में तेज गिरावट और कम मुख्य मुद्रास्फीति के कारण नीतिगत दरों में कटौती की गुंजाइश बनती है, किन्तु घटती महंगाई और बढ़ते खाद्य उत्पादन को देखकर सरकार को कृषि क्षेत्र में लंबे समय से पसरी हुई चुनौतियों से नजर हटाने से बचना होगा। मौसम की अतिकारी घटनाओं तथा जलवायु परिवर्तन से निर्मित होने वाली समस्याओं पर लगातार ध्यान देना होगा। किसानों को मिलने वाली कीमत और उपभोक्ताओं द्वारा चुकाए जाने वाले मूल्य में भारी अंतर, भंडारण तथा गोदामों की कमी के कारण फसलों की बरबादी, खेत और मंडियों के बीच दूरी और खस्ताहाल सडक़ों जैसी रुकावटों को दूर करने पर निरंतर ध्यान देना होगा। देश में कृषि आपूर्ति श्रृंखला तैयार करने के लिए निरंतर प्रयास करने होंगे। हम उम्मीद करें कि महंगाई के घटने, खाद्यान्न उत्पादन बढ्ने, ब्याज दर में कमी और एक अप्रैल 2025 से प्रभावी होने वाले वर्ष 2025-26 के बजट के तहत मध्यम वर्ग के लिए किए गए टैक्स राहत के अभूतपूर्व उपायों में उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति के साथ, मांग और खपत में वृद्धि विकास दर को तेज रफ्तार देगी। इससे वर्ष 2025-26 में विकास दर भी 7 फीसदी की ऊंचाई पर दिखाई दे सकेगी।

**-डा. जयंती लाल भंडारी**
**विख्यात अर्थशास्त्री**

## छावा विवाद से किसका नफा, किसका नुकसान

विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना अभिनीत फिल्म 'छावा' फिल्म के चलते मुगल बादशाह औरंगजेब इन दिनों चर्चा में है। औरंगजेब भी चर्चा में तब आया, जब मुंबई के एक विधायक अबू आजमी ने उसकी प्रशंसा कर दी। इसके बाद विवाद इतना बढ़ा कि महाराष्ट्र से लेकर देश की राजनीति सुलगने लगी। वामपंथी और राष्ट्रवादीय ऐतिहासिक दृष्टि तो पहले से ही औरंगजेब को लेकर बंटी हुई है, ऐसे में राजनीति नहीं बंटती तो हैरत ही होती। राजनीति के इस बंटवारे पर निगाह जमाए बैठी भारत विरोधी ताकतों को मौका मिला और नागपुर में दंगा फैल गया। अब दंगे की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, पता चल रहा है कि औरंगजेब को लेकर जैसे-जैसे विवाद बढ़ा, धार्मिक आधार पर वैचारिक ध्रुवीकरण बढ़ा। इसने सामाजिक समरसता के पथ के नीचे जैसे बारूद बिछा दी। इस बारूद के इंतजार में बैठी भारत विरोधी ताकतों को मौका माकूल लगा और उन्होंने अफवाह की माचिस धीरे से जलाकर बारूद के ढेर पर फेंक दी। नागपुर के दंगों में बांग्लादेशी कनेक्शन के संकेत तो यही हैं।

समाजशास्त्री और चुनाव शास्त्री मानते हैं कि धार्मिक ध्रुवीकरण का फायदा राजनीति के उस हिस्से को होता है, जो मध्यमार्गी नहीं होती। उन्हें इसमें एक और तथ्य भी जोड़ देना चाहिए कि ध्रुवीकरण का फायदा राष्ट्रविरोधी ताकतों को भी मिलता है। तीन सौ साल पुराने शहर नागपुर का दंगों की आग में झुलसना तो यही बताता है। यह भी ध्यान देने की बात है कि नागपुर में अब तक कभी दंगा नहीं हुआ। बाबरी ध्वंस के बाद महाराष्ट्र के कई इलाके जब सुलग रहे थे, तब भी नागपुर शांत था। लेकिन औरंगजेब के चरित्र पर जब 'छावा' फिल्म ने सवाल उठाए तो नागपुर जल उठा।

औरंगजेब महान था या क्रूर, इसे लेकर इतिहासकार कभी एकमत नहीं हो सकते। वैसे इतिहास लेखन की जो नई धाराएं हैं, उनमें किसी भी ऐतिहासिक शख्सियत का सम्यक मूल्यांकन नहीं होता। बल्कि इतिहासकार अपनेङ्कअपने वैचारिक खेमे के लिहाज से अपनी सरपरस्त राजनीतिक धारा को फायदा पहुंचाने को लेकर ऐतिहासिक चरित्रों को पेश करता है। औरंगजेब के चरित्र को लेकर लिखे गए इतिहास की भी यही कहानी है। यह बताने की जरूरत नहीं कि औरंगजेब को वामपंथी इतिहासकार महान शासक बताते रहे हैं। स्कूली पाठ्यक्रमों में औरंगजेब के बारे में पढ़ाया ही जाता रहा है कि बादशाह होने के बावजूद वह टोपी सिलकर और कुरान बेचकर अपना खर्च चलाता था। इस तथ्य को स्कूली स्तर से ही भारत की दो पीढ़ियों में इस कदर घोलकर पिला दिया गया है, उसके अन्य क्रूर कार्यों की छाप कहीं नेपथ्य में चली जाती है। बेशक औरंगजेब कुरान बेचकर और टोपी सिलकर अपना दैनंदिन खर्च चलाता था, लेकिन यह भी सच है कि उसने सल्तनत अपने नाम करने के लिए अपने ही भाई दाराशिकोह की हत्या करा दी थी, अपने ही पिता शाहजहां और माता को आगरा के किले में कैद कर




रखा था। औरंगजेब के खाते में अपने शासन के दौरान हिंदुओं पर तरह-तरह के अत्याचार भी दर्ज हैं।

नागपुर के दंगों को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने जो कहा है, उसे लेकर भी विवाद हो रहा है। फड़णवीस ने कहा है कि छावा फिल्म को लेकर मुस्लिम समुदाय में गुस्सा था। वैसे नागपुर में अफवाह फैलाई गई कि कुरान को जलाया जा रहा है। इसके बाद नागपुर का मुस्लिम समुदाय आक्रामक हो उठा और देखते ही देखते संतरा उत्पादन इलाके की राजधानी के रूप में विख्यात नागपुर धधक उठा। जब से शिवसेना के रास्ते बीजेपी से अलग हुए हैं, तब से उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना बीजेपी और उसके मराठी अगुआ देवेंद्र फड़णवीस पर हमले और तंज कसने का कोई मौका नहीं छोड़ती। मराठी मानुष की नजर में हिंदू हृदय सम्राट रहे बाला साहब देवरस की वैचारिक उत्तराधिकारी होने का दावा करने वाली शिवसेना के लिए देवेंद्र फड़णवीस का बयान बढ़िया अवसर लगा। उसने देवेंद्र फड़णवीस पर हमला बोल दिया। उद्धव की शिवसेना इस बहाने देवेंद्र को यह साबित करने में जुटी रही कि दरअसल वे सिर्फ हिंदुओं के वोट के लिए हिंदुतव की राजनीति करते हैं, अलबत्ता उनका नजरिया दूसरा है। यह बात और है कि बीजेपी की ओर से शिवसेना के बयानों पर वैसी प्रतिक्रियाएं नहीं आई हैं, जैसी उसकी प्रतिक्रिया अबू आजमी के बयान के बाद आई थी, जिसमें आजमी ने औरंगजेब की प्रशंसा की थी।

अगर हम मान लेते हैं कि छावा की वजह से मुस्लिम समुदाय में गुस्सा था, क्योंकि इस फिल्म में औरंगजेब के चरित्र को उनके जेहनी छवि से अलग रूप में पेश किया गया है, तो इसका मतलब यह है कि फिल्म किताब की तुलना में कहीं ज्यादा प्रभावी माध्यम है। यह फिल्म मराठी के मशहूर उपन्यासकार शिवाजी सावंत के इसी नाम के उपन्यास पर आधारित है। दिलचस्प यह है कि यह उपन्यास करीब 46 साल पहले 1979 में प्रकाशित हुआ था, जिसका हिंदी समेत कई अन्य भाषाओं में अनुवाद हो चुका है। छावा का मतलब बच्चा या बेटा होता है। यह उपन्यास शिवाजी के बेटे संभाजी के जीवन पर केंद्रित है। इस उपन्यास में छत्रपति संभाजी के साथ औरंगजेब के युद्ध और मराठा साम्राज्य पर औरंगजेब के अत्याचार की कहानियां हैं। फिल्म में इसे ही उभारा गया है।

वैसे एक सवाल यह भी उठता है कि ऐतिहासिक चरित्रों को लेकर कोई समुदाय इस कदर क्यों खुद की भावनाओं को जोड़ लेता है ? औरंगजेब के चरित्र को लेकर इतना गुस्से में भरने की जरूरत ही क्यों पड़े कि अपने आज के पड़ोसियों के साथ विवाद खड़ा करना पड़े। अगर किसी चरित्र का ऐतिहासिक स्वरूप क्रूरता से भरा है तो क्रूरता का बचाव ही क्यों करना? सवाल राजनीति से भी पूछे जा सकते हैं कि राजनीतिक लाभ-हानि के हिसाब को कब परे रखकर ऐतिहासिक चरित्रों का समग्रता से मूल्यांकन करेगी? सवाल यह भी उठ सकता है कि क्या हम इतिहास को लेकर रोज-रोज के अपने रिश्तों को इतना बिगाड़ लेंगे कि हम वर्तमान में अपने साथियों और पड़ोसियों के साथ सुकून के साथ बैठ नहीं सकें, दो बोल बोल नहीं सकें। सवाल इतिहासकारों से भी पूछा जाना चाहिए कि वे कब अपनी वैचारिक खेमेबाजी से उठकर किसी ऐतिहासिक घटना और चरित्र का आकलन करेंगे और कब तक अपने वैचारिक आकाओं के राजनीतिक मोहरे बनते रहेंगे?

इन सबमें दिलचस्प यह है कि छावा फिल्म के जरिए फिल्मकार की मोटी कमाई हो रही है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक यह फिल्म साढ़े सात सौ करोड़ रूपए से ज्यादा की कमाई कर चुकी थी। यानी विवादों ने फिल्म को आर्थिक फायदा खूब पहुंचाया है। इस पूरे विवाद में अगर नुकसान हुआ है तो सिर्फ और सिर्फ भारत के लोक का, जो लोकतंत्र का आधार है। जो आपस में ही लड़ने को उतारू है। उसे ऐतिहासिक चरित्रों को लेकर अपनी खेमेबंदी अपने वैचारिक आधारों की बुनियाद पर खड़ी करने की बजाय समग्रता में करनी होगी। अन्यथा उसकी भावनाओं के जरिए कारोबार भी होगा और राजनीति भी होती रहेगी।

**-उमेश चतुर्वेदी**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं**

## राशिफल

**चैत्र कृष्ण पक्ष एकादशी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
व्यावसायिक सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम, संतान की स्थिति थोड़ी दूरी वाली।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
भाग्यवश कुछ काम बनेंगे लेकिन स्वास्थ्य पर ध्यान रखिए। प्रेम की स्थिति थोड़ी मध्यम रहेगी।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
चोर चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य प्रेम, व्यापार मध्यम है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी रहेगी। स्वास्थ्य में सुधार।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान का साथ होगा। व्यापार भी अच्छा रहेगा। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भावुकता पर काबू रखकर निर्णय लीजिएगा। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान भी मध्यम है रहेगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
गृह कलह के संकेत हैं। घरेलू चीजों को शांतचित होके निपटाइएगा। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
धन हानि के संकेत हैं। इसलिए निवेश अभी वर्जित रहेगा। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम, संतान ठीक-ठाक।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य बढ़िया। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार नॉर्मल रहेगा

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
मन चिंतित रहेगा। खर्च की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान अच्छा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
आय के नवीन स्रोत बनेंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार भी अच्छा।

## साजिश करने का लगाया आरोप




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** गुर्जर समाज के गौरवशाली इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश करने और बदनाम करने की साजिश लगातार जारी है। यह बात हिन्दू युवा वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष चैनपाल प्रधान ने कही है। उन्होंने कहा कि यह एक सुनियोजित षड्यंत्र है, जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कमजोर करना है।

श्री प्रधान ने कहा कि गुर्जर समाज के लोगों का मानना है कि योगी आदित्यनाथ को 2017 में यह सोचकर मुख्यमंत्री बनाया गया था कि उनके पास प्रशासनिक अनुभव नहीं है और उन्हें एक रबड़ स्टांप मुख्यमंत्री के रूप में नियंत्रित किया जा सकेगा। लेकिन उन्होंने अपने निर्णय लेने की क्षमता, प्रशासनिक सख्ती और विकास कार्यों से यह साबित कर दिया कि वे एक मजबूत और प्रभावी नेता हैं। आज वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद देश के सबसे बड़े जननेता के रूप में उभर चुके हैं।

## भाजपा सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भाजपा की प्रदेश सरकार के 8 साल के कार्यकाल को लेकर उत्सव अभियान की ज़िला कार्यशाला रेड कारपेट नियर विप्रों गोल चक्कर के पास आयोजित की गयी। जिसमे मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी रहे कार्यशाला की अध्यक्षता अध्यक्षता ज़िला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने की कार्यशाला का मंच संचालन ज़िला महामंत्री दीपक भारद्वाज ने किया। ज़िला कार्यशाला को ये संबोधित करते हुए क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने कहा कि प्रदेश सरकार के 8 वर्ष उपलब्धि भरे वर्ष इन 8 वर्षों प्रदेश में ऐतिहासिक कार्य हुए उनके लिये 14 अप्रैल तक पार्टी संगठन के द्वारा विभिन्न प्रकर के कार्यक्रमों का आयोजन होगा। आज जिला स्तर पर प्रेस वार्ता 27 मार्च को विधानसभाओं पर प्रेस वार्ता आज से 27 तक ज़िला स्तर पर लाभार्थी मेला 28 से 30 मार्च तक घर घर संपर्क 6 अप्रैल को पार्टी स्थापना दिवस व घर घर संपर्क अभियान विधानसभा पर 3 अप्रैल 5 गोष्ठी जिला स्तर पर बाइक रैली प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन महिला जनसंपर्क ग्राम स्तर पर 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती कार्यक्रम आयोजित कर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के विषय में बता कर 8 वर्ष की उपलब्धियों का उत्सव भाजपा के द्वारा मनाया जायेगा।

जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी संगठन के द्वारा दिये गये सभी कार्यों में अपना गौतमबुद्धनगर पहले स्थान पर आये उसके लिये सभी आयामों को पूरा करने के लिये ज़िला इकाई मंडल इकाई युवा मोर्चा महिला मोर्चा किसान मोर्चा ओबीसी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम संयोजक सह संयोजक बनाकर मिलकर पूरा करेंगे।

इस अवसर पर ज़िला महामंत्री दीपक भारद्वाज, धर्मेंद्र कोरी, मनोज गर्ग, किसान मोर्चा पूर्व प्रदेश मंत्री सुभाष भाटी, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री सतेंद्र अवाना, ज़िला उपाध्यक्ष सतेंद्र नागर, राहुल पंडित, पवन नागर, वीरेंद्र भाटी, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, सचिन शर्मा, पवन त्यागी, ज़िला मंत्री सत्यपाल शर्मा, विकास चौधरी, गुरुदेव भाटी, अमित शर्मा, अरुण प्रधान, रवि जिन्दल, महेश शर्मा, अर्पित तिवारी, चंद्रमणि भारद्वाज, वरुण धीमान, आनंद वर्धन चंदेल, नीतेश भाटी, उमेश भाटी, विमल पुंडीर, रजनी तोमर, डॉ. संगीता रावल, पंकज, मंडल अध्यक्ष मनोज भाटी, राजीव सिंघल, संजय भाटी, मनोज प्रधान, अजीत मुखिया, ओमकार भाटी, पंकज शर्मा, ओंकार सिंह, सुनील सोनिक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाग्यफल



**डॉ. कृष्णावतार त्रिपाठी ( राही )**
**ज्ञानपुर ( भदोही )**

मैंने ज्योतिषी जी से पूछा-
क्या आपने कभी अपना भाग्यफल देखा है?
कि उसमें क्या लिखा है।
ज्योतिषी मुस्कुराया
बड़ी प्यार से अपना भाग्यफल बताया
मेरे हाथ की लकीरों के अनुसार
मेरा अच्छा चलेगा कारोबार
मैं मूर्खों की हस्तरेखा देखकर
उनका भाग्यफल बताऊंगा
और जीवन भर आराम से बैठकर खाऊंगा।
चैन की जिंदगी जिऊंगा।
बड़े बड़ों से पैर दबवाऊंगा और तुम जैसे
लोगों से अपने घर का झाड़ू पोछा करवाऊंगा।

## पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित



**दादरी ( चेतना मंच )।** छपरौला गांव स्थित ईश्वर चंद्र इंटर कॉलेज में पुरस्कार वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उम्मीद संस्था के संस्थापक डॉ. देवेंद्र कुमार नागर एवं किसान नेता राजकुमार रूपबास ने दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर ब्रह्म सिंह ने की। जबकि मंच संचालन पवन त्यागी द्वारा कुशलतापूर्वक संपन्न हुआ और बच्चों ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से नशे के दुष्परिणाम, मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव और स्वच्छता के महत्व पर जागरूकता फैलाई। मुख्य अतिथि उम्मीद संस्था के संस्थापक डॉ. देवेंद्र कुमार नागर एवं किसान नेता राजकुमार रूपवास ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में बच्चों को शिक्षित, देशभक्त और ईमानदार व्यक्ति को अधिक सम्मान देने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र की सशक्तता का आधार इन्हीं मूल्यों में निहित है। उम्मीद संस्था के सदस्यों ने खेल, शिक्षा ,सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया इस अवसर पर राजकुमार रूपबास, पवन त्यागी, मास्टर ब्रह्म सिंह, आभा त्यागी, विद्यालय के समस्त शिक्षक,गण और सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ नागरिक संरक्षण संस्थान का होली मिलन व काव्य गोष्ठी सम्पन्न




**मीरजापुर।** वरिष्ठ नागरिक संरक्षण संस्थान की ओर से शिवाला महन्थ के अमृत सभागार में होली मिलन और काव्य गोष्ठी का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया। सरस्वती वंदना इला जायसवाल ने मधुर स्वर में किया। संस्था के वर्तमान पदाधिकरियों ने भूतपूर्व अध्यक्ष स्व इन्द्रजीत सिंह डंग,राजकुमार सिंह व पूर्व कोषाध्यक्ष स्व विभूति प्रसाद यादव के चित्र पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात सभी उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर लगाकर और पुष्प वर्षा करके होली की बधाई दी। मीरजापुर के वरिष्ठ साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्हें पुष्पहार पहना कर व शाल ओढ़ाकर सम्मान पत्र दिया गया। फिर हिंदी के प्राध्यापक अरविंद अवस्थी के संचालन में कवि गोष्ठी का आरम्भ हुआ।

नन्दिनी वर्मा ने अपनी मधुर वाणी में होली गीत गाकर मंच को फागमय कर दिया। वरिष्ठ कवयित्री डाक्टर अनुराधा ओस ने सुनाया-सभी के अंदर बची रहे ,वो गंध,पलाश की ललाई और झरनों का पानी। अनेक पत्रिकाओं में छपने वाले पूर्व बैंक मैनेजर केदारनाथ सविता ने सम-सामयिक कविता सुनाया-नये सम्वत्सर का खत्म इंतजार है। दहकता हुआ पलाश सुलगाता हृदय में प्यार है। दूर-दूर तक जानी जाने वाली कवयित्री सारिका चौरसिया ने सुनाया-अपने-अपने खोल में अकेले हैं सभी,छद्म है आवरण मुस्कुरा रहे हैं सभी। नई कविता, समीक्षा, कहानी लिखने वाले अरविंद अवस्थी ने अपने गीत से वातावरण में मधुरता घोल दिया-तुम नफरत-नफरत बाट रहे,मैं प्यार-प्यार ही बाटूंगा।

त्रिवेणी संस्था के वर्तमान अध्यक्ष रवींद्र कुमार पांडेय ने चैता सुनाया-पिया बिनु सूनी अटरिया हो रामा। भोलानाथ कुशवाहा ने सुनाया-कुछ-कुछ सुबह सी लगती है ये रात,ये मेरा भरम है कि यही सच्चाई है.इला जायसवाल ने होली के महत्व पर गीत सुनाकर गोष्ठी को ऊंचाई प्रदान की-रंगों से भरी महफिल सजाने आ गई होली,दिल से नफरत मिटाकर फिर मिलाने आ गई होली। दूर-दूर तक मीरजापुर का नाम पहुँचा रहे युवा कवि श्याम अचल ने सुनाया-कार की खिड़की से देखा जो उछलते सिक्के,खुशी से झूम उठे भीख मांगते बच्चे। प्रमोद चंद गुप्त ने सुनाया-हर कथा,हर कहानी,जब पुरानी लगे,अधखिली रातरानी अधूरी लगे। गफ्फार नियाजी ने अपनी ओज पूर्ण वाणी में देशभक्ति गीत सुना कर ललकारा। डाक्टर सुधा सिंह ने भी वन्देमातरम और जयहिन्द का नारा लगाते हुए सुनाया-भारत माँ की शान तिरंगा, इसे सदा लहरायेंगे, नहीं झुका है,नहीं झुकेगा,बेशक शीश कटायेंगे। लाल व्रत सिंह %सुगम% ने नकल करने वाले छात्रों पर व्यंगयात्मक दमदार दोहा पढ़ा-विद्यार्थी पहनो सदा नए जींस का पैंट। इधर-उधर घूमा करो, कक्षा में अब्सेंट, नकल क्यों नहीं करोगे?

नन्दलाल सिंह चंचल ने सुनाया- बहते प्रेम में स्नेह तो बहने दो, क्यों करते हो देश में दंगा, रहनेदो। इम्तियाज अहमद गुमनाम ने सुनाया-जो बेतहाशा कट रहे हैं पेड़ साथियों! आबोहवा का जोर तब ही घटता जा रहा। अमर नाथ सिंह, हौसिला प्रसाद मिश्र ने भी अपनी कविताओं से माहौल को गरिमा प्रदान किया। काव्य पाठ करने वाले सभी सहभागियों को संस्था की ओर से प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। संस्था के सचिव महेश चंद यादव की ओर से सभी उपस्थित जनों एवं अतिथियों को यथार्थ गीता पुस्तक की एक-एक प्रति भेंट की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी ने की। लालव्रत सिंह सुगम कार्यक्रम के संयोजक ने संस्था के कार्यों पर प्रकाश डाला। भूपेंद्र सिंह डंग ने सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया और सफल कार्यक्रम के लिये धन्यवाद दिया।

## विकसित भारत के लिए टेक्निकल टेक्सटाइटल में नवाचार पर अंर्तराष्ट्रीय सम्मेलन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** छात्रों को टेक्निकल टेक्सटाइटल में नवाचार के जरीए देश को विकसित भारत बनाने में योगदान देने के लिए एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी स्कूल फैशन टेक्नोलॉजी द्वारा ''टेक्निकल टेक्सटाइटल में नवाचार'' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आईसीआईटीटी 2025 का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का शुभारंभ भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन के मिशन निदेशक श्री अशोक कुमार मल्होत्रा, एमिटी स्कूल फैशन टेक्नोलॉजी और एमिटी स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स की चेयरपरसन श्रीमती दिव्या चौहान, नॉर्दर्न इंडिया टेक्सटाइटल रिसर्च एसोसिएशन के महानिदेशक डा अरनिंदम बासु, टेक्सटास टेक यूनिवर्सिटी के नॉनवोवेन्स एंड एडवांस मैटेरियल लैबोरेटरी के प्रोफेसर डा शेषाद्री रामकुमार, आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर डा वी के कोठारी और ग्रुप एडिशनल प्रो वाइस चांसलर डा प्रदीप जोशी द्वारा किया गया।

भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन के मिशन निदेशक अशोक कुमार मल्होत्रा ने कहा कि तकनीकी प्रदर्शन और कार्यात्मक गुणों के लिए निर्मित किये गये वस्त्र, तकनीकी वस्त्र में आते है। तकनीकी वस्त्रों को उच्च प्रदर्शन वाले वस्त्र उत्पादों, सामग्रियों और रेशों के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनका उपयोग सौंदर्य प्रयोजनों के बजाय उनके कार्यात्मक उपयोग के लिए किया जाता है। तकनीकी वस्त्रों को कार्यात्मक वस्त्र, प्रदर्शन वस्त्र, इंजीनियर्ड वस्त्र और हाई-टेक वस्त्रों के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है और इनका उपयोग एग्रोटेक, बिल्डटेक, क्लॉथटेक, जियोटेक, होमटेक और कई अन्य क्षेत्रों में किया जाता है। विशेष फाइबर कपड़ा उद्योग की रीढ़ हैं, और इनमें नायलॉन, ग्लास फाइबर, पॉलिएस्टर, विस्कोस आदि शामिल हैं। सरकार ने तकनीकी वस्त्रों को समर्थन देने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। पीएम मित्र योजना उन योजनाओं में से एक है जिसका उद्देश्य समग्र कपड़ा उद्योग और मूल्य श्रृंखला, विशेष रूप से एमएमएफ और तकनीकी वस्त्रों को बढ़ावा देना है। इसके अलावा, कपड़ा मंत्रालय ने देश भर में मेगा एकीकृत कपड़ा क्षेत्र और परिधान पार्क शुरू किए।

एमिटी स्कूल फैशन टेक्नोलॉजी और एमिटी स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स की चेयरपरसन श्रीमती दिव्या चौहान ने कहा कि हम, एमिटी में, फैशन प्रौद्योगिकी के छात्रों को सर्वोत्तम ज्ञान और शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। छात्रों को प्रतिष्ठित विशेषज्ञों की बात ध्यान से सुननी चाहिए और इस अवसर का उपयोग सीखने और अपने ज्ञान को बढ़ाने के लिए करना चाहिए। इस प्रकार के सम्मेलन छात्रों के विकास में सहायक होगें।

नॉर्दर्न इंडिया टेक्सटाइटल रिसर्च एसोसिएशन के महानिदेशक डा अरनिंदम बासु ने कहा कि स्मार्ट टेक्सटाइल आपको अपने लक्ष्यों में हासिल करने में सहायता करता है। ई टेक्सटाइल में इर्न्फोमेशन विज्ञान, टेक्सटाइल और इलेक्ट्रिक्ल इंजीनियरिंग शामिल है। स्मार्ट टेक्सटाइल में संचार, सेंसर, डाटा प्रसंस्करण, संर्पक, उर्जा प्रदान और गति प्रदान करने के कार्य होने चाहिए।

## भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने जिला कार्यालय में आयोजित की पहली बैठक



**ज्ञानपुर ( भदोही )।** उत्तर प्रदेश संगठन काशी क्षेत्र के शीर्ष नेतृत्व और जिला प्रभारी नागेंद्र रघुवंशी के निर्देशन में आज भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा अपने दूसरे कार्यकाल के संदर्भ में मंडल अध्यक्षों के बीच उपस्थित हुए। उन्होंने जिला कार्यालय में अपनी पहली बैठक का आयोजन किया, जिसमें आगामी 25 मार्च से 14 अप्रैल तक आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।

बैठक में अखंड प्रताप सिंह को नियमित संयोजक और बेद मौर्या को सह-संयोजक नियुक्त किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सभी मंडलों में निर्धारित कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संपन्न किया जाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने और समय निकालकर इन कार्यक्रमों को सफल बनाने की अपील की।

बैठक में मंडल अध्यक्ष दीपक तिवारी, दीपम त्रिपाठी, शैलेश पांडेय, अश्विनी अग्रवाल, स्वरूप बिंद, संजय सिंह, संजय सरोज, अशोक पाठक, राकेश गुप्ता, शिवलाल मौर्य, मनीष पांडेय, दीपक सिंह, आलोक सिंह सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।









**भारतीय परिषद प्रयाग द्वारा हिन्दुस्तानी अकादमी में आयोजित अभिनंदन ग्रंथ विमोचन समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ता, कवि एवं साहित्यकार डा. कृष्णावतार त्रिपाठी राही को महामहिमोपाध्याय के सम्मान से गत दिवस सम्मानित किया गया।**

## आयोजन समिति की बैठक सम्पन्न



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय पर्व आयोजन समिति की एक बैठक जे-59, डेल्टा-2 में नरेश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में एवं ओम प्रकाश अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में ज़िला संघचालक नौरंग सिंह, ज़िला प्रचारक गौरव, अजेय गुप्ता, प्रो. विवेक, सतेंद्र राघव, कुलदीप शर्मा, राज कुमार, गुड्डी तोमर, मुकुल गोयल, डॉ. नीरज, प्रमोद चौहान, राजेंद्र सोनी, विवेक अरोड़ा, रविंद्र चंदेला, गगन मिश्रा, ललित शर्मा आदि सदस्य उपस्थित रहे। सह संयोजक सौरभ बंसल ने बताया कि भारत नवनिर्माण ट्रस्ट के अंतर्गत भारतीय पर्व आयोजन समिति द्वारा भारतीय नववर्ष स्वागत उत्सव उमंग 2082 का आयोजन सम्राट मिहिर भोज सिटी पार्क में 28 मार्च से 31 मार्च तक किया जाएगा।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी



Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### केयर हेल्थ इंश्योरेंस को 104 करोड़ का मांग नोटिस

**नई दिल्ली।** रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) ने सोमवार को कहा कि उसकी अनुषंगी कंपनी केयर हेल्थ इंश्योरेंस को आकलन वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए 104.77 करोड़ रुपये का मांग नोटिस मिला है। आरईएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि मांग नोटिस मुंबई के सेंट्रल सर्किल 6(2) स्थित सहायक आयकर आयुक्त के कार्यालय द्वारा भेजा गया है। कंपनी सूचना के अनुसार केयर हेल्थ इंश्योरेंस की वित्तीय स्थिति कंपनी के साथ जुड़ी है। यदि आयकर की मांग का भुगतान करना आवश्यक है, तो इसका भुगतान बीमा कंपनी द्वारा किया जाएगा। साथ ही कर सलाहकारों की सलाह के आधार पर केयर हेल्थ निर्धारित समय सीमा के भीतर उचित मंच के समक्ष उक्त नोटिस खिलाफ अपील दायर करेगी।

### आईएसी स्वीडन को खरीदेगी टाटा ऑटोकॉम्प

**नई दिल्ली।** यूरोप के मोटर वाहन क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के लिए टाटा ऑटोकॉम्प सिस्टम्स ने इंटरनेशनल ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स ग्रुप स्वीडन एबी (आईएसी स्वीडन) का अधिग्रहण करने सोमवार को घोषणा की। कंपनी ने कहा ?कि प्रस्तावित अधिग्रहण से स्वीडन में टाटा ऑटोकॉम्प की उपस्थिति मजबूत होगी। साथ ही यात्री व वाणिज्यिक वाहन खंडों में प्रमुख यूरोपीय मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) के साथ कंपनी के संबंध मजबूत होंगे जिससे वैश्विक स्तर पर उसकी उपस्थिति और बढ़ेगी।टाटा ऑटोकॉम्प सिस्टम्स ने हालांकि इससे जुड़ी कोई वित्तीय जानकारी साझा नहीं की। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह अधिग्रहण वैश्विक बाजारों में विस्तार करने और यूरोपीय ओईएम के साथ हमारे संबंधों को मजबूत करने के हमारे दीर्घकालिक दृष्टिकोण के अनुरूप है। टाटा ऑटोकॉम्प ने कहा कि इस अधिग्रहण से वह भारत की सबसे बड़ी मोटर वाहन उपकरण विनिर्माता कंपनी के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करेगी।

### जेप्टो ने बढ़ाया ग्रोसरी डिलीवरी का जलवा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्विक कॉमर्स कंपनी, जेप्टो, अब प्लान्ड ग्रोसरी डिलीवरी की दिशा में कदम बढ़ा रही है। कंपनी की योजना घरों में उच्च स्तर का किराना सामान पहुंचाने की है। यह नई रणनीति को शुरू करने के माध्यम से जेप्टो की उम्मीद है कि बिग बास्केट के बाजार में भी मान्यता प्राप्त करेगा। जेप्टो ने इस सेगमेंट में अपनी पहचान बनाने के लिए सुविधाएं देने का निर्णय लिया है। सुपर-सेवर जैसे प्रोग्राम में भारी डिस्काउंट और नए मॉडल जैसे मार्जिन और आय में सुधार का भाव है। जेप्टो की अगली नई स्ट्रैटेजी में विश्वस्त युक्तिगत उपाय हैं, जिसमें मंथली ग्रोसरी ऑर्डर या मेंबरशिप सर्विस को ध्यान में रखा गया है और जल्दी और आसानी से किराना सामान डिलीवरी के माध्यम से कनेक्टिविटी को सुनिश्चित करना है। जेप्टो की यह पहल ने बाजार में फिर उत्साह भर दिया है। इसका मतलब है कि ग्रोसरी डिलीवरी सेगमेंट में एक नए दौर की शुरूआत हो सकती है, जिसमें जेप्टो अपनी हस्तक्षेप सफाई रखती है।

## शेयर बाजार में तेजी का दौर, लगातार छठे दिन मजबूती के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

# निवेशकों ने की 5.19 लाख करोड़ की कमाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार सोमवार को लगातार छठे कारोबारी दिन मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। तेजी के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक पिछले 7 सप्ताह के ऊपरी स्तर पर पहुंच कर बंद हुए। एनएसई का निफ्टी 6 फरवरी के बाद पहली बार 23,600 अंक के स्तर के ऊपर बंद हुआ। इसी तरह कारोबार के दौरान 78,000 अंक के स्तर को पार करने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.40 प्रतिशत और निफ्टी 1.32 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। भर के कारोबार के बाद बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए। दिन के कारोबार के दौरान पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, रियल्टी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह एनर्जी, आईटी, ऑयल एंड गैस, ऑटोमोबाइल, टेक, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, एफएमसीजी, हेल्थकेयर और मेटल इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.32 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.17 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 5 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद बढ़ कर 418.49 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 413.30 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों



7 सप्ताह के ऊपरी स्तर पर बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

को कारोबार से करीब 5.19 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,298 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,497 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,637 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 164 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में 2,658 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,720 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 938 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 23 शेयर बढ़त के साथ और 7 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 42 शेयर हरे निशान में और 8 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 550.76 अंक की तेजी के साथ 77,456.27 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बनने के कारण यह सूचकांक पहले आधे घंटे में ही गिर कर 77,179.35 अंक तक पहुंच गया। इस गिरावट के बाद खरीदारों ने एक्टिव होकर लिवाली शुरू कर दी, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक 1,201.72 अंक की मजबूती के साथ 78,107.23 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। हालांकि, आखिरी वक्त में इंट्रा-डे सेटलमेंट की वजह से हुई बिकवाली के कारण सेंसेक्स ऊपरी स्तर से थोड़ा नीचे फिसल कर 1,078.87 अंक की बढ़त के साथ 77,984.38 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

### भारत दुनिया के टॉप 10 इक्विटी बाजारों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाला देश बना

**मुंबई।** मार्च महीने में भारतीय शेयर बाजार ने पांच महीनों की गिरावट के बाद जबरदस्त वापसी की है। डॉलर के लिहाज से भारतीय बाजार का मार्केट कैप 9.4 फीसदी बढ़कर 4.8 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच गया है, जो चार सालों में सबसे बड़ी मासिक बढ़त है। इस तेजी ने भारत को दुनिया के टॉप 10 इक्विटी बाजारों में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाला देश बना दिया है। मार्च में भारत की 9.4 फीसदी की उछाल के मुकाबले जर्मनी का मार्केट कैप 5.64, जापान 4.9, हांगकांग 4, फ्रांस 2.7, चीन 2.2, यूके 2 और कनाडा मात्र 0.44 फीसदी ही बढ़ सका। दूसरी ओर दुनिया के सबसे बड़े इक्विटी बाजार अमेरिका में 3.7 और सऊदी अरब में 4.4 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। हाल ही में आए महंगाई के आंकड़े आरबीआई के 4 फीसदी लक्ष्य से नीचे रहे, जिससे अप्रैल की मौद्रिक नीति बैठक में ब्याज दरों में कटौती की संभावनाएं बढ़ गई हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व का नरम रुखः 2025 में दो बार दरों में कटौती के संकेत मिले।

## पैनासोनिक ने उत्तर भारत में पेश की एसी की नई रेंज

एजेंसी

**रांची।** एयर कंडीशनर निर्माण में 65 वर्षों से अधिक की विशेषज्ञता रखने वाली प्रमुख टेक्नोलॉजी कंपनी पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने आज उत्तर भारत में अपने वर्ष 2025 के एसी मॉडल्स की नई रेंज लॉन्च की। उत्तर भारत में चंडीगढ़ कंपनी के लिए महत्वपूर्ण बाजार बना हुआ है। कंपनी की यह रेजिडेंशियल एयर कंडीशनर (आरएसी) श्रृंखला स्मार्ट लिविंग को नये अंदाज में परिभाषित करने के साथ-साथ चिलचिलाती गर्मी के दौरान 55 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान का सामना करने की क्षमता रखती है। नई रेंज में 1.0, 1.5 और 2.0 टन के 61 मॉडल शामिल हैं, जो अब देशभर के प्रमुख रिटेल स्टोर्स, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स और पैनासोनिक के ऑनलाइन ब्रांड स्टोर पर उपलब्ध हैं। पैनासोनिक एयर कंडीशनर ग्रुप के बिजनेस हेड अभिषेक वर्मा ने बताया, भारत में एसी की पहुंच अभी मात्र 7-8 प्रतिशत है, लेकिन वर्ष 2023 से 2029 के बीच इस क्षेत्र में लगभग 16.5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर की संभावना है। अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के दौरान कंपनी के एसी बिजनेस ने इंडस्ट्री औसत से अधिक, लगभग 45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है और चंडीगढ़ का इसमें अहम योगदान रहा है। कैलेंडर वर्ष 24 में एसी बाजार हिस्सेदारी में उत्तर भारत का योगदान लगभग 30% है और चंडीगढ़ हमारे लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। स्मार्ट, ऊर्जा-कुशल, इन्वर्टर एसी की मजबूत मांग के कारण, हमें कैलेंडर वर्ष 25 में उत्तर भारत में 40% की वृद्धि होने की उम्मीद है। श्री वर्मा ने आगे कहा, ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए और उनके जीवन को अधिक सुविधाजनक एवं आरामदायक बनाने के लिए, हमने 61 नए आरएसी मॉडल्स पेश किए हैं। यह इंडस्ट्री में स्मार्ट आरएसी की सबसे बड़ी रेंज में से एक है।

> ▶ 55 डिग्री सेल्सियस तक के बेहद गर्म तापमान में भी प्रभावी ढंग से काम करेगी
>
> ▶ भारत में एसी की पहुंच अभी मात्र 7-8 प्रतिशत है

### वोल्टास के शेयर खरीदने से हो सकता है फायदा

**मुंबई।** टाटा ग्रुप की एक आगे विनियमित कंपनी वोल्टास के शेयरों पर घरेलू ब्रोकरेज फर्म ने बड़े टारगेट के साथ खरीदारी की सलाह दी है। वोल्टास के मौजूदा मूल्य 1432 रुपये है, जबकि एक ब्रोकरेज फर्म ने 1710 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। इससे प्रति शेयर 300 रुपये का फायदा हो सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, गर्मियों में एसी और फ्रीज की मांग के बढ़ने से वोल्टास को फायदा हो सकता है। ब्रोकरों ने निवेशकों को वोल्टास के शेयरों में खरीदारी की सलाह दी है और पिछले एक महीने में शेयरों ने 12 फीसदी का रिटर्न दिया है। हालांकि, पिछले 6 महीनों में रिटर्न 25 फीसदी नेगेटिव रहा है।

## साईं दर्शन सोसाइटी में कौन कर रहा है डरावनी हलचल

एजेंसी

**मुंबई।** सोनी सब का लोकप्रिय शो वागले की दुनिया में एक अजीब साया मंडराने लगा। इस हफ्ते की कहानी में तब सिहरन दौड़ जाती है जब सिक्योरिटी गार्ड तिवारी को सोसाइटी के गार्डन में एक भूतिया आकृति नजर आती है, जिससे सोसाइटी के लोग सहम जाते हैं। हालात तब और बिगड़ जाते हैं जब एक थर्मल कैमरा वीडियो में कुछ रहस्यमयी दृश्य कैद हो जाते हैं। बात यहीं नहीं रुकती – जल्द ही हर्षद का अजीब बर्ताव पूरे सोसाइटी में हलचल मचा देता है। ऐसा लगने लगता है कि कोई अनदेखी ताकत उसे अपने वश में कर रही है। वहीं, अथर्व और सखी भी इस भूतिया प्रभाव के चपेट में



आ जाते हैं। पूरे साई दर्शन सोसाइटी के सदस्य एकजुट होकर इस रहस्य से पर्दा उठाने की कोशिश में जुट जाते हैं। इस हफ्ते की कहानी में रोमांचक ट्विस्ट है, जहां साधारण लोगों की जिंदगी में अलौकिक मोड़ आता है। राजेश के लिए परिवार और सोसाइटी की सुरक्षा सबसे ज्यादा मायने रखती है, लेकिन जब उसे किसी तर्क से परे किसी ताकत का सामना करना पड़ता है, तो यह उसकी हिम्मत और विश्वास की परीक्षा लेता है। यह जानना दिलचस्प होगा कि ये भूत परिवार के लिए खतरनाक है या फिर कहीं ये दोस्ताना भूत तो नहीं है।

## सैमसंग रेफ्रिजरेटर्स, वाशिंग मशीन, एसी और माइक्रोवेव पर दे रहा ऑफर्स



एजेंसी

**रांची।** कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग उगादी, गुड़ी पड़वा और ईद मना रही है। इस मौके पर कंपनी ने अपने एआई-पावर्ड रेफ्रिजरेटर्स, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर्स और माइक्रोवेव पर आकर्षक ऑफर्स दिए हैं। त्योहारों के समय परिवार खुशहाली, समृद्धि और नई शुरूआत का स्वागत करने की तैयारी कर रहे हैं, ऐसे में सैमसंग अपने नए प्रोडक्ट्स पर एक्सक्लूसिव डील्स देकर घरों को अपग्रेड करने में मदद कर रहा है। सीमित समय के लिए उपलब्ध ये ऑफर्स सिर्फ 31 मार्च, 2025 तक ही उपलब्ध हैं। इन ऑफर्स से ग्राहक ज्यादा स्मार्ट और कनेक्टेड उपकरण अविश्वसनीय कीमत पर घर ला सकते हैं। उपभोक्ता चुनिंदा डिजिटल उपकरणों पर 48% तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। उन्हें 20,000 रुपये तक का कैशबैक भी मिलेगा और वे आसान जीरो डाउन पेमेंट विकल्प भी चुन सकते हैं। चुनिंदा फ्रंट लोड वाशिंग मशीनों पर सैमसंग केयर+ के साथ 4,290 रुपये मूल्य की 2 साल की एक्सटेंडेड और कॉम्प्रीहेंसिव वारंटी केवल 499 रुपये के विशेष मूल्य पर उपलब्ध है।

## अमेरिका के वरिष्ठ व्यापार अधिकारी आज से भारत दौरे पर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर महत्त्वपूर्ण बातचीत के लिए अमेरिका के सहायक व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व में अधिकारियों का एक दल मंगलवार को पांच दिवसीय दौरे पर भारत आयेगा। यात्रा के दौरान वह भारतीय वातार्कारों के साथ दोनों देशों के बीच व्यापार और सीमा शुल्क से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करेंगे। अमेरिकी दूतावास की ओर से सोमवार को एक वक्तव्य जारी कर इसकी जानकारी दी गई। इसमें कहा गया कि दक्षिण और मध्य एशिया के लिए सहायक अमेरिकी



व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच अमेरिकी सरकार के अधिकारियों की एक टीम के साथ द्विपक्षीय व्यापार चचाओं के हिस्से के रूप में भारतीय वातार्कारों के साथ बैठकों के लिए 25-29 मार्च को भारत में होंगे। वक्तव्य के अनुसार यह यात्रा भारत के साथ एक उत्पादक और संतुलित व्यापार संबंध को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिका की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हम व्यापार और निवेश के मामलों पर भारत सरकार के साथ अपनी वार्ता को महत्व देते हैं। अमेरिका इन चर्चाओं को रचनात्मक, न्यायसंगत और आगे बढ़ने का माध्यम मानता है। ब्रेंडन लिंच की यह यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर जवाबी सीमा शुल्क लगाने की घोषणा के बीच हो रही है। ट्रंप ने 2 अप्रैल से यह शुल्क लगाने की घोषणा की है। वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी भारत यात्रा के दौरान वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बातचीत करने के अलावा कई वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते की रूपरेखा तैयार करने के लिए भी बातचीत होने की उम्मीद है। यह समझौता भारत और अमेरिका के बीच शुल्क और बाजार पहुंच से संबंधित मुद्दों का समाधान करेगा।

### टेनसेंट ने किया एआई मॉडल का नया वर्जन लांच

**नई दिल्ली।** चीन की सबसे वैल्यूएबल टेक कंपनी टेनसेंट होल्डिंग्स लिमिटेड ने अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल का नया वर्जन लॉन्च किया है। यह निर्णय चीन की भीड़भाड़ वाली एआई कंपनी में लीडरशिप हासिल करने की दिशा में लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक यह नया मॉडल डीपसीक की आर 1 तकनीक की तरह काम करता है, जिसने कम लागत और कम कंप्यूटिंग पॉवर में ओपन एआई और मेटा जैसे दिग्गजों के मॉडल को टक्कर दी थी। टेंसेंट का यह नया एआई मॉडल उसी दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है, जिससे कंपनी चीन में एआई सेक्टर में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है। टेक कंपनी ने एक ऑनलाइन इवेंट में दावा किया है।

## तुलसी निकेतन में बनेगी आधुनिक बहुमंजिला इमारतें : वीसी

**गाजियाबाद (ब्यूरो)।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने तुलसी निकेतन योजना को नए रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। 1990 में बसाई गई इस कॉलोनी में 2292 फ्लैट और 60 दुकानें हैं, जहां करीब 20 हजार लोग रहते हैं।

सोमवार को जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने स्थिति का जायजा लेकर निवासियों की समस्याएं सुनीं। कॉलोनी की स्थिति चिंताजनक है। दीवारों का प्लास्टर गिरने से कई लोग घायल हो चुके हैं। मामूली बारिश में भी यहां कई फुट पानी भर जाता है। पीने का पानी भी दूषित आता है। पानी की



टंकी की स्थिति भी खतरनाक है।

बता दें कि प्राधिकरण ने कराए गए सर्वे में इन मकानों को रहने के लिए असुरक्षित घोषित किया है। अब जीडीए पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर निजी विकासकताओं के साथ मिलकर 16 एक? क्षेत्र में नई बहुमंजिला इमारतें बनाएगा। इस योजना में 2004 ईडब्ल्यूएस और 288 एलआईजी मकान शामिल थे, जिन्हें अब आधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्विकसित किया जाएगा।

जीडीए वीसी अतुल वत्स ने बताया कि तुलसी निकेतन के जर्जर मकानों को हटवाकर नए सिरे से आधुनिक तरीके से डेवलप किया जाएगा। अभी ये योजना 7.8 हेक्टेयर की है। अब लगभग 1617 एक? की योजना हो जाएगी और यह प्रयास किया जाएगा कि हम इसे पीपीपी मोड पर लोग लेके जा सके और अभी तो स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन हम लोग करेंगे। स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन के लिए उनके सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। स्थानीय लोगों से वार्ता की जाएगी और उनको रणनीति बताई जाएगी रणनीति समझाई जाएगी। प्रयास यह किया जाएगा कि यहां के जो स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग है उसमें हम सुधार कर सकें। एक अच्छा परिवेश एक अच्छा माहौल लोगों को पालन पोषण के लिए मिल सके। जहां तक हिंडन एयरपोर्ट है उसके रिस्ट्रिक्शंस को छोड़ के जो मैक्सिमम एफआर प्रोवाइड कर सकते हैं, उसे करेंगे।

## पृष्ठ एक के शेष....

**सेवा, सुरक्षा एवं...**

प्रस्तुतीकरण दी जाएगी। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि तीन दिवसीय मेले में 25 मार्च 2025 को प्रसिद्ध कलाकार रंजना नेव एवं ब्रह्मपाल नागर तथा जनपद के अन्य स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी तथा 25 मार्च को ही बैंड जगत के जाने-माने कलाकार आभा हंजूरा, 26 मार्च 2025 को कबीर कैफे बैंड एवं 27 मार्च 2025 को कोकोब फरीद बैंड द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। उन्होंने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि आयोजित होने वाले तीन दिवसीय मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुफ्त उठाएं।

## बजाज फिन्सर्व लार्ज व मिड कैप फंड ने मनाई पहली सालगिरह

एजेंसी

**रांची।** बजाज फिन्सर्व एएमसी ने अपने बजाज फिन्सर्व लार्ज एंड मिड कैप फंड की पहली वर्षगांठ मनाई। अपने पहले ही साल में इस फंड ने निफ्टी लार्ज मिडकैप 250 टीआरआई बेंचमार्क को पीछे छोड़ते हुए डायरेक्ट प्लान में 8.07 फीसदी और रेगुलर प्लान में 6.45 फीसदी का संचयी रिटर्न दिया। अपने शुरूआती वर्ष में, फंड ने लगातार बढ़ते संचयी अल्फा को बनाए रखते हुए बेहतर प्रदर्शन किया। 28 फरवरी, 2025 तक, फंड ने डायरेक्ट प्लान में अपने बेंचमार्क से 8.07% और रेगुलर प्लान में 6.45% बेहतर प्रदर्शन किया। पिछला प्रदर्शन भविष्य में जारी रह भी सकता है और नहीं भी। बजाज फिन्सर्व लार्ज एंड मिड कैप फंड एक ओपन-एंडेड इक्विटी फंड है, जो लार्ज और मिड कैप कंपनियों में निवेश करता है। यह फंड अपनी खास मोट निवेश रणनीति के लिए जाना जाता है, जिसमें ऐसे शेयरों का चयन किया जाता है जो लंबी अवधि तक टिकाऊ प्रतिस्पर्धी बढ़त रखते हैं। कंपनी का मानना है कि मजबूत प्रबंधन, ब्रांड वैल्यू, लागत लाभ, पेटेंट और बिक्री की अर्थव्यवस्था जैसे तत्व, किसी भी कंपनी को प्रतिस्पर्धियों से आगे ले जाते हैं। वर्तमान में यह फंड 69 उच्च गुणवत्ता वाले शेयरों में निवेश कर रहा है, और बाजार के उतार-चढ़ाव के बीच भी स्थिर प्रदर्शन के साथ निवेशकों के लिए दीर्घकालिक धन सृजन का मजबूत जरिया बन रहा है। इस अवसर पर बजाज फिन्सर्व एएमसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गणेश मोहन ने कहा, हमने यह फंड निवेशकों को स्थिरता और विकास दोनों का लाभ दिलाने के उद्देश्य से शुरू किया था। बाजार की अनिश्चितता के बावजूद हमने गुणवत्ता वाली कंपनियों में निवेश की अपनी रणनीति पर डटे रहते हुए अच्छा रिटर्न दिया है। बजाज फिन्सर्व एएमसी के मुख्य निवेश अधिकारी, निमेश चंदन ने कहा, बजाज फिनसर्व लार्ज एंड मिड-कैप फंड गुणवत्ता पर ध्यान देने और लंबे समय तक निवेश में बने रहने वाले निवेशकों के लिए है। मोट-आधारित निवेश पर हमारा फोकस हमें मजबूत, स्थायी प्रतिस्पर्धी लाभ वाली कंपनियों की पहचान करने की अनुमति देता है। इससे लंबे समय में वृद्धि के लिए एक लचीला आधार मिलता है, और इससे हम अपनी रिस्क प्रोफाइल को संतुलित बनाए रख सकते हैं। फंड हाउस ने व्यापक अनुसंधान के माध्यम से और स्टॉक चयन और आवंटन में अपने इन-हाउस निवेश दर्शन, इनक्यूबी (इनफॉर्मेशन एज+ क्वॉन्टेटिव एज + बिहेव्यिरल एज) को शामिल करके निवेशकों के बीच अपना भरोसा कायम किया है। बजाज फिन्सर्व लार्ज एंड मिड कैप फंड टॉप-डाउन और बॉटम-अप स्टॉक चयन प्रक्रिया के लिए अपनी मोट निवेश रणनीति के साथ इनक्यूबी के सिद्धांतों का संयोजन करता है। इसने एक लचीला पोर्टफोलियो तैयार करने में मदद की है जिसने पिछले वर्ष में लगातार शानदार रिटर्न दिए हैं। बजाज फिन्सर्व लार्ज एंड मिड कैप फंड एक ओपन-एंडेड इक्विटी योजना है जिसका उद्देश्य मुख्य रूप से लार्ज और मिड कैप कंपनियों में इक्विटी और इक्विटी-संबंधित उपकरणों में निवेश करके लंबे समय में अच्छी पूंजी बनाना है। इसे निफ्टी लार्ज मिडकैप 250 टीआरआई के मुकाबले बेंचमार्क किया गया है।

> ▶ बाजार की उठा-पटक के बीच भी निवेशकों को मिला बेहतर रिटर्न



## खास खबर

### अमित शाह का बंगाल दौरा टला

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह का पश्चिम बंगाल दौरा फिलहाल टाल दिया गया। शुरूआती कार्यक्रम के अनुसार, गृहमंत्री 29 मार्च की रात कोलकाता पहुंचने वाले थे और 30 मार्च को भाजपा की कई अहम बैठकों में शामिल होने वाले थे लेकिन अब ईद त्योहार के कारण यह दौरा स्थगित कर दिया गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने बताया कि अमित शाह जल्द ही बंगाल का दौरा करेंगे और नए कार्यक्रम की घोषणा जल्द की जाएगी।यह पहली बार नहीं है जब गृहमंत्री का बंगाल दौरा टला है। इससे पहले जनवरी में उन्हें पूर्वी मिदनापुर जिले में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करने और पार्टी की संगठनात्मक बैठकों में शामिल होने के लिए आना था, लेकिन तब भी अन्य व्यस्तताओं के कारण दौरा रद्द कर दिया गया था। उल्लेखनीय है कि अगले साल पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में न केवल अमित शाह बल्कि भाजपा के अन्य केंद्रीय नेता भी राज्य का लगातार दौरा करेंगे।इस दौरे का महत्व इसलिए भी था, क्योंकि भाजपा जल्द ही अपने नए प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा करने वाली है। मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार केंद्र में मंत्री हैं और भाजपा के 'एक व्यक्ति, एक पद' नीति के तहत वह लंबे समय तक प्रदेश अध्यक्ष नहीं रह सकते।

### सऊदी अरब ने हज यात्रियों के लिए मेनिन्जाइटिस का टीका अनिवार्य किया

**जेद्दा।** सऊदी अरब के हज और उमराह मंत्रालय ने घोषणा की है कि इस साल हज यात्रा में हिस्सा लेने वाले सभी लोगों के लिए मेनिन्जाइटिस का टीका अनिवार्य होगा। यह महत्वपूर्ण निर्णय लाखों तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के उद्देश्य से लिया गया है और यह सऊदी नागरिकों और विदेशी नागरिकों दोनों पर लागू होगा। पाकिस्तान के जियो न्यूज चैनल की खबर के अनुसार मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया है कि संभावित जानलेवा बीमारी से व्यापक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हज में भाग लेने के लिए टीकाकरण को अनिवार्य किया गया है। मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि टीकाकरण के बिना हज की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा हज पैकेज के लिए पंजीकरण प्रक्रिया टीकाकरण के प्रमाण पर निर्भर होगी। यह निर्णय वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान संक्रामक रोगों के प्रसार को रोकने के लिए चल रहे प्रयासों के हिस्से के रूप में लिया गया है।

### सौ बीघा अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

**लखनऊ।** लखनऊ के आईटी सिटी के निकट परेहटा गांव में सौ बीघा अवैध प्लाटिंग पर सोमवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बुलडोजर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की है। यह कार्रवाई प्राधिकरण न्यायालय के आदेश पर की गई है। लखनऊ विकास प्राधिकरण जोन दो के जोनल अधिकारी शशि भूषण पाठक ने कहा कि अवैध निर्माण कार्यों और प्लाटिंग पर प्राधिकरण लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में आज बिना मानचित्र स्वीकृत कराये ग्राम परेहटा पास आईटी सिटी में सौ बीघा अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर की कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई पुलिस बल की मौजूदगी में की गई है।

### नशे के इंजेक्शन और दवाओं के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**हरिद्वार।** लक्सर कोतवाली पुलिस ने बड़ी संख्या में नशीले इंजेक्शन, टेबलेट के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। दो दिन पूर्व भी पुलिस चार करोड़ की नशीली दवाएं पकड़ चुकी है।जानकारी के मुताबिक लक्सर कोतवाली पुलिस ने छापेमारी के दौरान एक व्यक्ति को 25 इन्जेक्शन थरमाडोल हाईड्रोक्लोराइड व एलप्रोजोलम की 160 गोली व अन्य 110 गोली के साथ पकड़ा। उसने पूछताछ में बताया कि वह नशीली दवाएं एक मेडिकल स्टोर से लेकर आता था और नशा करने के आदतन व्यक्तियों को मंहगे दामों पर बेचता था।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में रजत जयंती कार्यक्रम को किया संबोधित, कहा

# छत्तीसगढ़ में विकास की असीम संभावनाएं

- छत्तीसगढ़िया 'सबले बढ़िया' कहते हुए सभी को रजत जंयती वर्ष की 'गाड़ा-गाड़ा' बधाई दी
- छत्तीसगढ़ विधानसभा में 25 वर्षों में कभी भी मार्शल का उपयोग नहीं हुआ है। छत्तीसगढ़ विधानसभा ने श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया है



एजेंसी

**रायपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। राष्ट्रपति छत्तीसगढ़ विधानसभा (विस) में आयोजित रजत जयंती कार्यक्रम में शामिल हुईं। उन्होंने छत्तीसगढ़ विधानसभा में आयोजित रजत जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी का अभिवादन 'जय जोहार' के साथ किया। उन्होंने छत्तीसगढ़िया 'सबले बढ़िया' कहते हुए सभी को रजत जंयती वर्ष की 'गाड़ा-गाड़ा' बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस विधानसभा में आकर ये मान्यता और भी मजबूत हो जाती है कि छत्तीसगढ़िया 'सबले बढ़िया'। छत्तीसगढ़ में विकास की असीम संभावनाएं विद्यमान हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में 25 वर्षों में कभी भी मार्शल का उपयोग नहीं हुआ है। छत्तीसगढ़ विधानसभा ने श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस सदन में 19 महिलाएं भी हैं। महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से भी ज्यादा है। छत्तीसगढ़ विस को मातृशक्ति का रूप कह सकते हैं। सभी महिला विधायक महिलाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में काम करें। श्रेष्ठ छत्तीसगढ़ का निर्माण करना है। छग विस ने समावेशी कल्याण के लिए अनेक विधेयक पारित किए। अंधविश्वास से मुक्ति दिलाने को अहम विधेयक लाया गया। छत्तीसगढ़ में विकास की असीम संभावनाएं विद्यमान हैं। यहां के लोक संस्कृति की पूरे देश में सराहना होती है। इंद्रावती, शिवनाथ, महानदी का आशीर्वाद प्राप्त है। छत्तीसगढ़ आधुनिक विकास की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ से मुझे काफी लगाव है। हम भी रायपुर को अपना ओडिशा का हिस्सा मानते हैं। परिसीमन की सीमा है, लेकिन दिल की कोई दीवार नहीं है। जगन्नाथ जी पूरे

## जन-जन के सहयोग से निर्मल हो रही गंगा, स्वच्छ दिखाई दे रहे गंगा के घाट



एजेंसी

**वाराणसी।** जल शक्ति मंत्रालय नमामि गंगे के गंगा विचार मंच वाराणसी महानगर और जेटली ताइक्वांडो क्लब के सदस्यों ने सोमवार को गायघाट से लेकर बूंदी परकोटा घाट तक स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान सदस्यों ने श्रमदान कर गंगा नदी की तलहटी से कूड़े-कचड़े निकाले। घाट पर दुकानदारों व पिंडदान करा रहे पुरोहितों से सफाई बनाए रखने के लिए विशेष आग्रह किया।इस दौरान घाटों पर गंगा स्नान के दौरान साबुन, शैंपू का प्रयोग करने वाले लोगों को भी रोका। मंच के जिला संयोजक शिवम अग्रहरि ने बताया कि अभियान में कई सामाजिक संस्थाओं के लोग जुड़कर गंगा सेवा में सहयोग कर रहें हैं। जन-जन के सहयोग से ही मां गंगा के निर्मलीकरण का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी अभियान की सफलता सरकार की नीतियों के साथ ही जन सहयोग पर भी निर्भर होती है।

## बुलेट ट्रेन साइट पर क्रेन गिरी, 25 रेलगाड़ी रद्द

- इस हादसे का असर अहमदाबाद-मुंबई के बीच ट्रेन परिचालन पर पड़ा है



एजेंसी

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद के वटवा के समीप बुलेट ट्रेन साइट पर विशालकाय क्रेन गिरने से दो लोग घायल हो गए। दिल्ली-मुंबई मुख्य लाइन के पास हुए हादसे के कारण 25 ट्रेनों को रद्द करना पड़ा। बड़ी संख्या में ट्रेनों के रूट भी डाइवर्ट करने पड़े। हादसे की जानकारी मिलते ही नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएस आरसीएल) के अधिकारी, पुलिस, फायर ब्रिगेड समेत रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे। बताया गया है कि देर रात करीब 11 बजे वटवा स्थित हाथीजण क्षेत्र में रोपड़ा ब्रिज के समीप बुलेट ट्रेन साइट पर के काम के दौरान विशालकाय क्रेन गिर गई। इस हादसे में दो लोगों के जख्मी होने की सूचना है। क्रेन को बुलेट ट्रेन के लिए बनाए गए पिलर पर रखा गया था। क्रेन गिरने से गेरतपुर-वटवा सेक्शन में रेल ट्रैफिक प्रभावित हो गया है। एनएचएसआरसीएल की प्रवक्ता सुषमा गौर ने बताया कि वटवा में वायडक्ट के काम में इस्तेमाल होने वाले सेगमेंट लान्चिंग गेन्ट्री में से कंक्रीट गर्डर लान्चिंग पूरा करने के बाद उसे वापस हटाया जा रहा था। तभी यह हादसा हुआ। इस हादसे का असर अहमदाबाद-मुंबई के बीच ट्रेन परिचालन पर पड़ा है। वडोदरा से अहमदाबाद की ओर जाने वाली सयाजीनगरी, एकतानगर-अहमदाबाद समेत 10 ट्रेनों को रात ही विभिन्न स्टेशनों पर रोक दिया गया। अपलाइन को चालू रखा गया है। डाउन लाइन को बंद कर दिया गया है। इससे मुंबई की ओर आवाजाही करने वाली ट्रेनों के परिचालन पर असर हुआ है। अहमदाबाद-वडोदरा-मुंबई के बीच 25 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया। पांच अन्य ट्रेनों का समय बदला गया है। छह ट्रेनों का रूट बदला गया है। वडोदरा में यात्रियों की सहूलियत के लिए हेल्पलाइन नंबर शुरू किया गया है।

## 16-17 में यूपी की बेरोजगारी दर 19 फीसद थी, अब 3 फीसदी : योगी



एजेंसी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी सरकार के आठ साल पूरे होने पर सोमवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि 2016-17 में यूपी का बेरोजगारी दर 19 फीसद था, जो वर्तमान में महज 3 फीसदी पर आ गई है। प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय दोगुने से अधिक हुई है। हमारी व्यवस्था 27 लाख करोड़ पहुंच गयी है।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 के पहले कानून व्यवस्था का संकट था। युवा के सामने पहचान का संकट था। बेहतर कानून व्यवस्था का उदाहरण महाकुंभ में दिखा है। 45 दिनों के आयोजन में कोई अपराध, लूट, छेड़छाड़, अपहरण जैसी कोई भी घटना नहीं हुई। वहां आने वाले श्रद्धालुओं के मन में कोई असंतोष का भाव नहीं मिला है। प्रदेश वही है लेकिन 8 वर्ष में सरकार ने पुलिस बल को एक सिस्टम के साथ जोड़ा है। 2017 में हमारी सरकार आने पर पुलिस बल में डेढ़ लाख से ज्यादा पद खाली थे। सरकार की नियति पर जनता और न्यायालय के संदेह को दूर करते हुए सरकार ने 1 लाख 56 हजार पुलिस कार्मिकों की भर्ती की। साथ ही मौजूदा समय ने 60 हजार 200 से अधिक नए पुलिस कार्मिकों की भर्ती प्रक्रिया समाप्त की।

## इजराइल के हमले में कई फिलस्तीनियों की मौत, आंकड़ा 50 हजार के पार



एजेंसी

**गाजा।** इजराइल और हमास के बीच जारी जंग में अब तक 50 हजार से आमा नागरिक मारे जा चुके हैं जिसमें महिलाएं और बच्चे ज्यादा हैं। गाजा में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों में 41 और लोगों की इजराइली हमलों में जान चली गई, जिससे कुल आंकड़ा 50,021 तक पहुंच गया, लेकिन असली मौतों का आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा हो सकता है, क्योंकि हजारों लोग मलबे के नीचे दबे हैं। मीडिया रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र और स्वास्थ्य मंत्रालय दोनों का कहना है कि ज्यादातर मारे गए लोग महिलाएं और बच्चे हैं। इजराइल ने इस हफ्ते एक बार फिर गाजा पर हमले किए हैं। मंगलवार को हुए हमले अब तक के सबसे घातक हमले थे, जिसमें 400 से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे गए हैं। बुधवार को इजराइल ने गाजा में ग्राउंड ऑपरेशन शुरू किया है। यह जंग 7 अक्टूबर 2023 को शुरू हुई थी जो अब भी जारी है।

## तालिबान के 03 सीनियर नेताओं पर रखा इनाम अमेरिका ने हटाया

- इन नेताओं में अफगान-तालिबान के आंतरिक मंत्री भी शामिल थे, जो अफगानिस्तान की पूर्व पश्चिमी समर्थित सरकार पर हुए खूनी हमलों के लिए जिम्मेदार माने जाते हैं

एजेंसी

**काबुल।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तालिबान के तीन सीनियर नेताओं पर जो इनाम रखा था, उसे वापस ले लिया है। इन नेताओं में अफगान-तालिबान के आंतरिक मंत्री भी शामिल थे, जो अफगानिस्तान की पूर्व पश्चिमी समर्थित सरकार पर हुए खूनी हमलों के लिए जिम्मेदार माने जाते हैं। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी देऐ हुए अधिकारियों ने दी कि सिराजुद्दीन हक्कानी जिन्होंने जनवरी 2008 में काबुल के सेरेना होटल पर हमले की योजना बनाई थी, जिसमें अमेरिकी नागरिक थॉर डेविड हेसला सहित छह लोग मारे गए थे, अब अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट के रिवॉर्ड्स फॉर जस्टिस वेबसाइट पर नहीं दिखते। अफगानिस्तान के आंतरिक मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी सरकार ने हक्कानी, अब्दुल अजीज हक्कानी और याह्या हक्कानी पर लगाए गए इनाम को रद्द कर दिया है। उन्होंने बताया कि ये तीनों व्यक्ति दो भाई और एक चचेरे भाई हैं। हक्कानी नेटवर्क 2001 में अफगानिस्तान पर अमेरिकी अगुवाई वाले आक्रमण के बाद तालिबान की सबसे घातक शाखाओं में से एक था। इस समूह ने सड़क किनारे बम, आत्मघाती हमले और अन्य हमलों का इस्तेमाल किया, जिनमें भारतीय और अमेरिकी दूतावास, अफगान राष्ट्रपति भवन और अन्य प्रमुख टारगेट शामिल थे। विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि तालिबान द्वारा 21 मार्च को अमेरिकी कैदी जॉर्ज ग्लीजमैन की रिहाई और इनामों को हटाना यह दिखाता है कि दोनों पक्ष युद्धकालीन चरण के प्रभावों से आगे बढ़ रहे हैं और द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति के लिए रचनात्मक कदम उठा रहे हैं।

## कनाडा में संघीय चुनाव की घोषणा 28 अप्रैल को होगी मतदान



एजेंसी

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अप्रत्याशित कदम उठाते हुए संघीय चुनाव की घोषणा कर दी। उन्होंने रविवार को गवर्नर-जनरल मैरी साइमन से मुलाकात कर संसद को भंग करने का अनुरोध किया। साइमन ने कार्नी के अनुरोध स्वीकार कर लिया। कनाडा में चुनाव 28 अप्रैल को होंगे। कार्नी का मुकाबला उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पियरे पोलीवर से होगा। सीएनएन की खबर के अनुसार, कार्नी ने चुनाव की घोषणा करते हुए देश के लोगों से कहा कि वह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से निपटने और देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जनादेश मांग रहे हैं। जनवरी में अपने पूर्ववर्ती जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे की घोषणा के बाद लिबरल नेता कार्नी प्रधानमंत्री बने हैं। सर्वेक्षणों से संकेत मिला है कि अमेरिका के साथ व्यापार युद्ध और कनाडा की संप्रभुता के लिए ट्रंप की धमकी के बाद लिबरल पार्टी की लोकप्रियता में उछाल आया है।

## दक्षिण कोरिया के पीएम हान के खिलाफ संसद में लाया गया महाभियोग संवैधानिक न्यायालय ने खारिज किया



एजेंसी

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में पिछले साल से मची राजनीतिक उथल के बीच आज विपक्ष को करारा झटका लगा। दिसंबर में प्रधानमंत्री हान डक-सू के खिलाफ संसद में लाया गया महाभियोग प्रस्ताव संवैधानिक न्यायालय में टिक नहीं पाया। दक्षिण कोरिया के संवैधानिक न्यायालय ने सोमवार को प्रधानमंत्री हान के महाभियोग को खारिज कर दिया। दक्षिण कोरिया के दोनों प्रमुख समाचार पत्र द कोरिया हेराल्ड और द कोरिया टाइम्स ने कुछ देर पहले अपनी खबरों में संवैधानिक न्यायालय के फैसले का संक्षिप्त विवरण जारी किया। खबरों में कहा गया कि इसी के साथ हान को तत्काल प्रभाव से उनके पदों पर बहाल कर दिया गया। वह प्रधानमंत्री और कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में अपनी भूमिका फिर से शुरू करेंगे। हान देश के वित्तमंत्री चोई सांग-मोक की जगह लेंगे। मोक पिछले साल के अंत में हान के निलंबन के बाद से देश का नेतृत्व कर रहे थे। संवैधानिक न्यायालय के आठ जजों में से पांच ने महाभियोग को खारिज करने के लिए मतदान किया। इनका मत था कि महाभियोग चलाने के लिए तर्क अपर्याप्त हैं। एक जज ने इसे बरकरार रखने के लिए मतदान किया। राष्ट्रीय सभा यानी दक्षिण कोरिया की संसद ने 27 दिसंबर को महाभियोग प्रस्ताव पारित किया था। महाभियोग प्रस्ताव में तर्क दिया गया था कि हान राष्ट्रपति यून सुक योल की तीन दिसंबर की मार्शल लॉ घोषणा में शामिल थे।

## पाक ने अफगानिस्तान भेजा दूत, क्षेत्र में की शांति व प्रगति की अपील

- पाकिस्तान के विशेष दूत मुहम्मद सादिक खान तीन दिवसीय दौरे पर अफगानिस्तान पहुंचे



एजेंसी

**काबुल।** तालिबान अब पाकिस्तान के लिए सिरदर्द बन गय है। पाकिस्तान का कहना है कि तालिबान ने उसके दुश्मनों को देश में शरण दी है। तालिबान से अपने रिश्तों को बेहतर करने के लिए पाकिस्तान ने अपना दूत अफगानिस्तान भेजा। पाकिस्तान के विशेष दूत मुहम्मद सादिक खान तीन दिवसीय दौरे पर अफगानिस्तान पहुंचे। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में शांति और प्रगति क्षेत्रीय स्थिरता के लिए जरूरी है। सादिक खान जब अफगानिस्तान में थे, तभी पाक सेना ने 16 उग्रवादियों को अफगान सीमा पर मारने का दावा किया है। पाकिस्तान ने तालिबान के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर आतंकी समूहों को पनाह देने और सीमा पर हमलों को अंजाम देने का आरोप लगाया है। अफगानिस्तान इन आरोपों को खारिज कर चुका है। यह तनाव तब और बढ़ गया जब बलूचिस्तान में एक यात्री ट्रेन को निशाना बनाया गया, तब इसकी जिम्मेदारी अलगाववादी समूह बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली। पाकिस्तानी अधिकारियों ने कहा कि बीएलए के लड़ाके जब हमले को अंजाम दे रहे थे उस दौरान अफगानिस्तान में उनके हैंडलर्स बैठे थे और वे सैटेलाइट फोन से सीधे संपर्क में थे। इस हमले में सैकड़ों बंधक शामिल थे। पाकिस्तान दूतावास ने कहा कि अफगानिस्तान में शांति और प्रगति क्षेत्रीय स्थिरता के लिए जरूरी है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान को क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए अपने प्रयासों में तालमेल बनाना चाहिए।

# राम नवमी के लिए सुरक्षा बढ़ी, कड़ी निगरानी

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने इस साल राम नवमी के अवसर पर कोलकाता में सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ी करने का फैसला किया है। पिछले कुछ वर्षों में इस त्योहार के दौरान हुई झड़पों को देखते हुए प्रशासन इस बार अतिरिक्त सतर्कता बरत रहा है। राम नवमी के जुलूसों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए कोलकाता पुलिस ने 6 अप्रैल को होने वाले जुलूस मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया है। पुलिस ने संबंधित थाना क्षेत्रों को निर्देश दिया है कि वे पहले से लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का सर्वेक्षण करें और रिपोर्ट तैयार करें। सीसीटीवी निगरानी के अलावा, इस बार पुलिसकर्मियों को बॉडी कैमरों से लैस किया जाएगा। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यदि किसी कैमरे में खराबी पाई जाती है तो उसे तुरंत ठीक किया जाएगा या बदला जाएगा। संबंधित थानों को यह भी निर्देश दिया गया है कि अगर किसी मार्ग पर अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे की जरूरत हो तो वे पुलिस आयुक्त कार्यालय को सूचित करें। इस साल प्रशासन विशेष सतर्कता बरत रहा है क्योंकि आयोजक पहले से बड़े स्तर पर भीड़ जुटाने की योजना बना रहे हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी का दावा है कि इस बार दक्षिणपंथी संगठन राज्यभर में करीब दो हजार राम नवमी जुलूस निकालने की योजना बना रहे हैं। अधिकारी ने आगे कहा कि इस साल राम नवमी के जुलूसों में शामिल होने वाले लोगों की संख्या दोगुनी हो सकती है। उनका अनुमान है कि इस बार करीब एक करोड़ श्रद्धालु इन जुलूसों में हिस्सा लेंगे, जबकि पिछले साल यह संख्या 50 लाख थी। उन्होंने कहा, ‘पिछले साल एक हजार जुलूसों में करीब 50 लाख हिंदू शामिल हुए थे। इस साल हम दो हजार जुलूस निकालने की योजना बना रहे हैं, जिसमें एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था को मजबूत करते हुए कोलकाता प्रशासन इस बार के राम नवमी समारोह को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित बनाने के लिए पूरी तैयारी कर रहा है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके और कानून-व्यवस्था बनी रहे।

### 30 से 12 अप्रैल तक आयोजित होगा चैत्र नवरात्र मेला

**नाहन।** उत्तर भारत की शक्तिपीठों में शुमार महामाया बाला सुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर में इस वर्ष चैत्र नवरात्र मेला 30 मार्च से 12 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने यहां आयोजित होने वाले नवरात्र मेले की तैयारी को लेकर सभी आवश्यक प्रबंध कर लिए हैं और यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मुकम्मल सुविधाएं गई है। कार्यवाहक डीसी सिरमौर एल आर वर्मा ने बताया कि महामाया बाला सुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर में चैत्र नवरात्र मेला बड़ी धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष 30 मार्च से लेकर 12 अप्रैल तक मेले का आयोजन होना है जिसको लेकर यहां सभी आवश्यक प्रबंध कर लिए गए हैं यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी सुविधाएं जुटाना गई हैं।

## पूर्व चीफ जस्टिस ने दी चेतावनीः इजरायल में छिड़ सकता है गृहयुद्ध

- इजरायल और हमास के बीच हुआ संघर्ष विराम समझौता टूट चुका है।



एजेंसी

**तेल अवीव।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की युद्ध नीतियों और उनके फैसलों के खिलाफ हजारों लोग सड़कों पर उतर आए हैं। इन सब के बीच इजरायली सुप्रीम कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस ने देश में गृहयुद्ध की चेतावनी जारी कर दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर नेतन्याहू सरकार शीर्ष अधिकारियों को हटाने के फैसले से पीछे नहीं हटती है तो देश में बड़ा भूचाल आ सकता है। बता दें कि गाजा में इजरायल और हमास के बीच हुआ संघर्षविराम समझौता टूट चुका है। इजरायल ने एक बार फिर गाजा जंग में पूरी ताकत झोंकने का फैसला कर लिया है। हजारों मौतों के बाद भी एक तरफ जहां इस जंग के रुकने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं वहीं दूसरी तरफ इजरायल के अंदरूनी हालात भी बिगड़ते जा रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक इस गुस्से को ज्यादा दिन तक रोकना मुश्किल होगा।

**खास खबर**

### आईपीएल के अपने पहले ही मैच में छाया ऑटो चालाक का बेटा

**चेन्नई ।** केरल के युवा स्पिनर विग्नेश पुथुर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने डेब्यू मैच में ही शानदार प्रदर्शन कर तीन विकेट लिए हैं। ऑटो चालक के बेटे विग्नेश को मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के अपनी शुरूआती में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ इम्पैक्ट खिलाड़ी के तौर पर उतारा था। इस कलाई के स्पिनर को बल्लेबाज रोहित शर्मा की जगह पर उतारा गया। रोहित बल्लेबाजी में असफल रहे थे। ऐसे में गेंदबाजी में उनकी जगह विग्नेश को उतारा गया। विग्नेश का डेब्यू अच्छा रहा। उन्होंने आईपीएल के अपने पहले मैच में ही तीन विकेट लिए। पुथुर ने हालांकि घेरेलू क्रिकेट में अबतक सीनियर स्तर पर कोई भी घरेलू मुकाबला नहीं खेला था।

विग्नेश को ने आठवें ओवर में गेंदबाजी के लिए बुलाया। इसे बाद इस युवा गेंदबाजा ने अपने पहले ही ओवर में सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को पेवेलियन भेज दिया। वहीं अपने दूसरे ओवर में शिवम दुबे को आउट किया। इसके बाद उन्होंने दीपक हुड्डा का विकेट लिया। विग्नेश के पिता ऑटो चलाते हैं। इस युवा स्पिनर ने केरल के लिए अंडर-14 और अंडर-19 स्तर पर खेला है। पुथुर ने तमिलनाडु प्रीमियर लीग में भी जॉली रोवर्स क्रिकेट क्लब के लिए शानदार प्रदर्शन के बाद केसीएल टी20 टूनार्मेंट के लिए जगह बनाई। इसके बाद नवंबर 2024 में आईपीएल मेगा नीलामी में मुबई इंडियंस ने उन्हें अपने साथ शामिल किया। विग्नेश ने अपने 4 ओवर में 32 रन देकर 3 विकेट लिए। मुम्बई को हालांकि इस मैच में सीएसके से हार का सामना करना पड़ा

### आर्चर पर विवादस्पद टिप्पणी के लिए हरभजन की हुई आलोचना

**हैदराबाद ।** दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्तान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच हुए मैच में अपनी एक टिप्पणी को लेकर विवादों में आ गये हैं। हरभजन ने इस मैच में राजस्थान रॉयल्य की ओर से खेल रहे तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की तुलना लंदन में काली टैक्सी से की थी जिसे नस्लवादी माना गया है। इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर लोगों ने इस टिप्पणी की जमकर आलोचना की है। हरभजन पहले भी इस प्रकार की टिप्पणियों को लेकर विवादों में रहे हैं।

हरभजन ने कहा,लंदन में काली टैक्सी का मीटर तेज भागता है, और यहां पर आर्चर साहब का मीटर भी तेज भागा है। इसका कारण ये था कि इस मैच में आर्चर ने काफी रन दिये थे। इस टिप्पणी को लेकर कई प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर हरभजन की आलोचना की और उनसे माफी मांगने को भी कहा।

### मीम इकबाल को मैच के दौरान पड़ा दिल का दौरा

**नई दिल्ली ।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को सोमवार को ढाका प्रीमियर लीग (डीपीएल) के एक मुकाबले के दौरान दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। 36 वर्षीय तमीम इकबाल मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब की ओर से शाइनपुकुर क्रिकेट क्लब के खिलाफ बीकेएसपी मैदान में खेले जा रहे है ।

# आईपीएल में आज होगा पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस में मुकाबला

एजेंसी

**अहमदाबाद ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मंगलवार को पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। इस बार श्रेयस अय्यर पंजाब किंग्स की कप्तानी करेंगी जबकि गुजरात टाइटंस की कमान शुभमन गिल के पास रहेगी। श्रेयस ने अपनी कप्तानी में पिछली बार कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को जीत दिलायी थी जिससे उनका हौंसला बुलंद रहेगा। अब उनका लक्ष्य पंजाब का जीत दिलाना रहेगा। पंजाब का प्रदर्शन पिछले आईपीएल में अच्छा नहीं रहा था। पंजाब टीम आईपीएल 2018 के सेमीफाइनल में पहुंची थी जबकि उसने 2014 में फाइनल में उसे जगह मिली थी




पर पिछले चार साल में टीम शीर्ष पांच में नहीं पहुंच पायी थी। इस बार उसे अय्यर और मुख्य कोच रिकी पोंटिंग से काफी उम्मीदें हैं। पंजाब की बल्लेबाजी कप्तान अय्यर के अलावा जोश इंग्लिस, प्रभसिमरन सिंह, मार्कस स्टोइनिस और ग्लेन मैक्सवेल जैसे खिलाड़ियों पर आधारित रहेगी। टीम के पास अजमतुल्लाह उमरजई, स्टोइनिस, मार्को जानसेन, शशांक सिंह और मुशीर खान जैसे ऑलराउंडर हैं। तेज गेंदबाजी की कमान अर्शदीप सिंह के पास रहेगी। इसके अलावा टीम के पास लॉकी फर्ग्यूसन, कुलदीप सेन और यश ठाकुर जैसे तेज गेंदबाज हैं। स्पिन की कमान युजवेंद्र चहल और बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बरार के पास रहेगी। वहीं दूसरी ओर गुजरात टीम ने पहली बार हार्दिक पंड्या की कप्तानी में खिताब जीता था और दूसरी बार उपविजेता रही थी पर हार्दिक के मुम्बई इंडियंस जाने से पिछले सत्र में शुभमन गिल को कप्तान बनाया गया था। शुभमन हालांकि टीम को सफलता नहीं दिला पाये और वह आठवें स्थान पर रही पर माना जा रहा है कि हाल में भारतीय एकदिवसीय टीम की उपकप्तानी मिलने के बाद से ही उनकी नेतृत्व क्षमता बेहतर हुई है। गुजरात के पास शुभमन और इंग्लैंड के जोस बटलर जैसे खिलाड़ी हैं। वहीं मध्यक्रम में उसके पास शेरफेन रदरफोर्ड, साई सुदर्शन और मसूद शाहरुख खान रहेंगे। टीम के पास राशिद खान, राहुल तेवतिया, ग्लेन फिलिप्स, वाशिंगटन सुंदर और महिपाल लोमरोर जैसे ऑलराउंडर भी हैं। दूसरी ओर गेंदबाजी की बात करें तो टीम के पास मोहम्मद सिराज जैसा खिलाड़ी है। तेज गेंदबाजी की बात करें तो टीम के पास कैगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा, दक्षिण अफ्रीका के गेराल्ड कोएत्जी और अनुभवी इशांत शर्मा जैसे गेंदबाज हैं। स्पिनर के तौर पर टीम के पास राशिद खान हैं।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :**

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, शेरफेन रदरफोर्ड, साई सुदर्शन, एम शाहरुख खान, राशिद खान, करीम जनत, महिपाल लोमरोर, ग्लेन फिलिप्स, निशांत सिंधु, मानव सुथार, राहुल तेवतिया, वाशिंगटन सुंदर, अरशद खान, गेराल्ड कोएत्जी, गुरनूर बराड़, कुलवंत खेजरोलिया, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कगिसो रबाडा। साई किशोर, ईशांत शर्मा, जयंत यादव।

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, हरनूर सिंह, जोश इंग्लिस, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, आरोन हार्डी, मार्को जानसन, ग्लेन मैक्सवेल, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, प्रवीण दुबे, लॉकी फर्ग्यूसन। हरप्रीत बराड़, कुलदीप सेन, विजयकुमार वैश्य, यश ठाकुर ।

## स्पेन ने पेनल्टी में नीदरलैंड्स को हराकर लगातार सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी

**वालेंसिया ।** यूईएफए नेशंस लीग के मौजूदा विजेता स्पेन ने नीदरलैंड्स को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। रविवार को खेले गए रोमांचक दूसरे क्वार्टरफाइनल में दोनों टीमों के बीच 3-3 से मुकाबला ड्रॉ रहा, जिससे कुल स्कोर 5-5 का हो गया और मैच पेनल्टी तक पहुंचा। शूटआउट में डोनीएल मालेन ने अपनी किक मिस कर दी, जबकि बार्सिलोना के युवा खिलाड़ी पेड्री ने निर्णायक गोल दागकर स्पेन को जीत दिला दी। मैच के दौरान स्पेन की ओर से मिकेल ओयारजाबल ने पहला गोल किया, लेकिन मेम्फिस डेपे ने पेनल्टी स्पॉट



से स्कोर बराबर कर दिया। ओयारजाबल ने स्पेन को फिर से बढ़त दिलाई, लेकिन इयान मात्सेन के शानदार गोल ने मुकाबले को अतिरिक्त समय तक पहुंचा दिया। बार्सिलोना के उभरते सितारे लामिन यामल, जिन्होंने पेनल्टी शूटआउट में एक किक मिस की, ने अतिरिक्त समय में बेहतरीन गोल कर स्पेन को बढ़त दिलाई, लेकिन जावी साइमन्स ने पेनल्टी के जरिए फिर से बराबरी कर दी, जिससे मुकाबला शूटआउट तक गया। स्पेन के कोच लुइस डे ला फुएंते ने रॉटरडैम में खेले गए पहले चरण के 2-2 ड्रॉ के बाद कुछ बदलाव किए। ओयारजाबल और डानी ओल्मो को अल्वारो मोराटा और पेड्री की जगह शामिल किया गया, जबकि डीन हुईसेन ने अपने जन्मस्थान (नीदरलैंड्स) के खिलाफ पहला मैच खेला और शानदार प्रदर्शन किया। नीदरलैंड्स के कोच रोनाल्ड कोएमन ने डेब्यू खिलाड़ी इयान मात्सेन को लेफ्ट-बैक की जिम्मेदारी दी, जिनका मुख्य काम 17 वर्षीय यामल को रोकना था।

स्पेन की हालिया सफलताओं ने उसके प्रशंसकों को प्रेरित किया है, और दूसरे चरण से पहले 20,000 से अधिक दर्शकों ने टीम का अभ्यास सत्र देखा।

## रांची एडवेंचर व्हीलर्स ने 7वीं वाइल्ड एडवेंचर कार रैली

एजेंसी

**रांची ।** सोमवार को रोमांचक मोटरस्पोट्र्स का जुनून एक बार फिर लौट आया है। रांची एडवेंचर व्हीलर्स वीं वाइल्ड कार एडवेंचर रैली के लिए पूरी तरह तैयार है, जो 3 से 5 अप्रैल 2025 तक आयोजित होगी। यह रैली एक (Time, Speed, and Distance) प्रारूप में आयोजित की गई और यह FMSCI (Federation of Motor Sports Clubs of India) द्वारा मान्यता प्राप्त है। इस बड़े आयोजन का आधिकारिक अनावरण करने के लिए, 24 मार्च को प्रेस क्लब, रांची में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें मीडिया




प्रतिनिधि, मोटरस्पोर्ट्स प्रेमी और उद्योग विशेषज्ञ शामिल हुए। वाइल्ड एडवेंचर रैली भारत की प्रमुख ऑफ-रोड एंड्योरेंस रैलियों में से एक बन चुकी है, जहां प्रतिभागियों को न केवल ड्राइविंग कौशल बल्कि गणना समय गति और दूरी का भी ध्यान रखना होता है। यह रैली प्रतिभागियों को घने जंगलों, पहाड़ियों, नदी पार करने, राजमागों और ग्रामीण इलाकों से होते हुए एक रोमांचक अनुभव प्रदान करेगी। इस रैली का एक विशेष आकर्षण रात्रि खंड (Night होगा, जो इस आयोजन का मुख्य आकर्षण बनेगा ।

## रोहित के नाम दर्ज हुआ अनचाहा रिकार्ड

एजेंसी

**चेन्नई ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरूआती मैच में ही अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा बल्लेबाजी में असफल रहे। रोहित चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मुकाबले में एक भी रन नहीं बना पाये। ये 18 वीं बार है जब वह आईपीएल में शून्य पर आउट हुए हैं। इस प्रकार रोहित ग्लेन मैक्सवेल और दिनेश कार्तिक की बराबरी पर आ गये हैं। इससे पहले मैक्सवेल और कार्तिक भी 18 बार शून्य पर ही आउट हुए थे। वहीं सुनील नरेन और पीयूष चावला 16-16 जबकि राशिद खान और मनदीप सिंह 15-15 बार शून्य पर आउट हुए हैं। इस मैच रोहित केवल चार गें ही खेल पाये जबकि प्रशंसकों को उनसे बड़ी पारी की उम्मीद थी।



मुम्बई इंडियंस टीम चाहती थी कि रोहित शर्मा और रयान रिकेल्टन मिलकर टीम को अच्छी शुरूआत दिलाएं पर ऐसा हो नहीं पाया। खलील अहमद की गेंदों पर रोहित शुरूआत से ही परेशान रहे। चौथी गेंद पर खलील ने रोहित को बिना खाता खोले ही पेवेलियन भेज दिया। गेंद उनके पैड पर थी और रोहित अपना पसंदीदा फ्लिक शॉट खेलने की कोशिश कर रहे थे ।

## झारखंड की महिला टीम ने 13वीं सीनियर नेशनल पारा वालीबॉल चैंपियनशिप 2025 में जीती रजत पदक

एजेंसी

**रांची ।** 13वीं सीनियर नेशनल पारा वालीबॉल चैंपियनशिप 2025 जो तमिलनाडु के इरोड में आयोजित हुआ इस प्रतियोगिता में बालिका वर्ग ने लगातार सभी मैच जीते हुए फाइनल में रजत हासिल किया है झारखंड टीम के कोच श्री माननीय मुकेश कंचन ने बताया पहला मैच कर्नाटक बनाम झारखंड के बीच हुआ जिसमें 18-25 से जीती दूसरा मैच उत्तराखंड बनाम झारखंड के बीच खेला गया जिसमें 16-25 से जीती वहीं तीसरा राउंड का मैच झारखंड बनाम तेलंगाना के बीच खेला गया 15-25 से जीत और इसी तरह से लगातार मैच को जीते हुए सेमीफाइनल का मैच राजस्थान बनाम झारखंड के बीच खेला गया। बतादूं कि राजस्थान



पिछले 12वीं सीनियर नेशनल पर वालीबॉल चैंपियनशिप 2023 की चैंपियन थी। झारखंड की टीम पूरी तरह से राजस्थान के ऊपर दबाओ बनाए रखी और एक तरफा मैच कहा जा सकता है जो झारखंड की टीम ने दिखाई, और 13-25 जीत कर फाइनल में प्रवेश कर चुकी , फाइनल मैच हरियाणा बनाम झारखंड के बीच खेला गया जिसमें झारखंड के टीम बहुत ही शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक पर जीत कर अपना राज्य का नाम रोशन किई। इस खेल में महिला वर्ग में प्रतिमा तिर्की(कप्तान), असुंता टोप्पो, तारामरिनी लकड़ा, पुष्पा मिंज, शकुंतला देवी, महिमा उरांव, अनीता तिर्की, सरिता भूटकुमरी, संजुक्ता एक्का सुनीता कुमारी।

## 46 राष्ट्रीय जूनियर बॉयज हैंडबॉल प्रतियोगिता रांची से तीन खिलाड़ी चयनित

एजेंसी

**रांची ।** हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 26- 30 मार्च 2025 तक जहानाबाद बिहार, में आयोजित हो रहे 46 राष्ट्रीय जूनियर बॉयज हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए रातु , रांची से तीन खिलाड़ियों रोशन उरांव, रिकी जूलियन गोप, ओर सौरभ उरांव का चयन झारखंड जूनियर हैंडबॉल टीम में किया गया जो झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन तीनों खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता एवं खुली चयन प्रक्रिया में प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। तीनों खिलाड़ी रातु हैंडबॉल ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षक विष्णु कुमार के देखरेख प्रशिक्षण प्राप्त करते रातु प्रखंड के प्रमुख



संगीता तिर्की ने रांची से चयनित खिलाड़ियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किए और खेल संघ के पदाधिकारीयो ने उनके उज्जवल भविष्य कामना की ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## आईपीएल में तेंज 1000 रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने क्लासेन

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेल रहे विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे तेजी से 1000 रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। क्लासेन ने 594 गेंदों पर अपने 1000 रन पूरे किये। क्लासेन ने इस प्रकार वीरेंद्र सहवाग, ग्लेन मैक्सवेल और यूसुफ पठान को भी पीछे छोड़ दिया है। वह केवल कोलकाता नाइट राइडर्स के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल से पीछे हैं, रसेल ने 545 गेंदों में ही 1000 रन बनाये थे। क्लासेन के शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन से सनराइजर्स को 18 वें सत्र के पहले



ही मैच में राजस्थान रॉयल्स पर आसान जीत मिली। इस आक्रामक बल्लेबाज ने आईपीएल में अब तक 28 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 44.14 की औसत और 173.92 की स्ट्राइक रेट से अपने 1000 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने एक शतक और छह अर्धशतक लगाये हैं। सहवाग ने 1000 आईपीएल तक पहुंचने 604 गेंदें खेली थीं जबकि ग्लेन मैक्सवेल ने 610 गेंदें खेलीं थीं।

### रुतुराज ने पहले ही मैच में जीत पर जतायी खुशी

**चेन्नई ।** चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत पर खुशी जतायी है। रुतुराज ने मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले अफगानिस्तान के रहस्यमयी स्पिनर नूर अहमद की जमकर प्रशंसा की है। इस मैच में नूर ने 18 रन देकर चार विकेट लिए। जीत के बाद रुतुराज ने अपने स्पिनरों के प्रदर्शन पर उन्होंने कहा, ह्रहमारे स्पिनरों ने शुरू से ही अच्छी गेंदबाजी की। खलील पिछले दो तीन साल से अच्छा प्रदर्शन कर रह हैं, वह अनुभवी हैं। वहीं नूर ने मैच में अंतर पैदा किया, उनका टीम में होना हमारे लिए अच्छा है।



शंघाई में मसीर्डीज के चालक जॉर्ज रसल चीनी ग्रांट प्री रेस में जीत के बाद अवार्ड समारोह में जश्न मनाते हुए।

# नानजिंग में वर्ल्ड एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप का समापन

एजेंसी

**नानजिंग ।** बहामास की डेविन चार्लटन ने 60 मीटर हर्डल्स का खिताब बरकरार रखते हुए शानदार प्रदर्शन किया, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका ने पुरुषों और महिलाओं की 4७400 मीटर रिले में दबदबा बनाया। इसी के साथ रविवार को 2025 वर्ल्ड एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप का समापन हुआ। अमेरिका ने कुल 6 स्वर्ण, 4 रजत और 6 कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। नॉर्वे तीन स्वर्ण के साथ दूसरे और इथियोपिया दो स्वर्ण व तीन रजत के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

**चार्लटन की रोमांचक जीत**

**चार्लटन** ने 7.72 सेकंड में दौड़ पूरी कर रोमांचक जीत दर्ज की। यह रेस ऐतिहासिक रही क्योंकि पहली बार छह एथलीटों ने 7.80 सेकंड के भीतर दौड़ पूरी की। स्विट्जरलैंड



की डिटाजी कांबुंजी ने 7.73 सेकंड के साथ रजत और जमैका की अकेरा न्यूजेंट ने 7.74 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता।

हालांकि, चीन की हर्डलर वू यान्नी फाइनल में नहीं पहुंच सकीं, लेकिन उन्होंने सेमीफाइनल में 8.01 सेकंड का समय निकालकर 11 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा।

**अमेरिका की 4x400 मीटर रिले में शानदार जीत**

**पुरुषों** की 4x400 मीटर रिले में अमेरिका ने 3:03.13 मिनट में स्वर्ण जीता। क्रिस बेली, ब्रायन फॉस्ट, जैकोरी पैटरसन और एलिजा गॉडविन की टीम ने जमैका को लगभग दो सेकंड के अंतर से हराया। हंगरी के एटिला मोलनार ने अंतिम दौर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए 3:06.03 मिनट में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर कांस्य जीता। चीन ने भी 3:06.90 मिनट में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया लेकिन चौथे स्थान पर रहा। महिला 4x400 मीटर रिले में अमेरिका की क्वानेरा हेस, बेली लीयर, रोजी एफियॉन्ग और एलेक्सिस होम्स की टीम ने 3:27.45 मिनट में स्वर्ण अपने नाम किया। पोलैंड ने 3:32.05 मिनट में रजत और ऑस्ट्रेलिया ने 3:32.65 मिनट में कांस्य पदक जीता।

**अन्य प्रमुख मुकाबले**

**पुरुषों** की 800 मीटर दौड़ में अमेरिका के जोश होए ने 1:44.77 मिनट में स्वर्ण जीता, जबकि बेल्जियम के इलियट क्रेस्टन और स्पेन के एल्विन कनालेस क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किया। महिलाओं की 800 मीटर दौड़ में दक्षिण अफ्रीका की प्रूडेंस सेकोडिसो ने 1:58.40 मिनट का विश्वस्तरीय व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर स्वर्ण जीता। इथियोपिया की निगिस्ट गेटाच्यू और पुर्तगाल की पैट्रिसिया सिल्वा ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक प्राप्त किया।

1500 मीटर पुरुष स्पर्धा में नॉर्वे के स्टार जैकब इंगेब्रिग्त्सेन ने 3:38.79 मिनट में स्वर्ण पदक जीतते हुए 3000 मीटर के बाद अपनी दूसरी खिताबी जीत दर्ज की। ब्रिटेन के नील गॉर्ले ने रजत और अमेरिका के ल्यूक हॉउसर ने कांस्य जीता।1500 मीटर महिलाओं की दौड़ में इथियोपिया की गुडाफ त्सेगाय ने 3:54.86 मिनट का चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण जीता, जबकि उनकी हमवतन दीरिबे वेलतेजी ने 3:59.30 मिनट में रजत पदक जीता। ब्रिटेन की जॉर्जिया हंटर बेल ने 3:59.84 मिनट में कांस्य पदक हासिल किया।

**लॉन्ग जंप, हाई जंप और शॉट पुट में शानदार प्रदर्शन**

**इटली** के मैटिया फुरलानी ने लॉन्ग जंप में 8.30 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि जमैका के वेन पिन्नॉक (8.29 मीटर) ने रजत और ऑस्ट्रेलिया के लियाम ऐडकॉक (8.28 मीटर) ने कांस्य पदक हासिल किया। अमेरिका की क्लेयर ब्रायंट ने महिला लॉन्ग जंप में 6.96 मीटर की व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाकर स्वर्ण अपने नाम किया। स्विट्जरलैंड की अनिक कालिन ने रजत और स्पेन की फातिमा दियामे ने कांस्य पदक जीता। महिला हाई जंप में ऑस्ट्रेलिया की निकोला ओलिस्लागर्स ने 1.97 मीटर की छलांग के साथ अपने खिताब का बचाव किया। उनकी हमवतन एलेनॉर पैटरसन ने रजत और यूक्रेन की यारोस्लावा महुचिख ने कांस्य पदक जीता।

## पंकज के शानदार शतक से जीता रांची



पंच संवाददाता

**रांची ।** रांची में खेले जा रहे एच पी बोधन वाला ट्रॉफी 2024-25 में आज रांची ने जामताड़ा को 93 रनों के अंतर से हरा पहले बल्लेबाजी करते हुए रांची ने निर्धारित 50 ओवरों में 8 विकेट खोकर 308 रन बनाए पंकज ने शानदार शतक 119 रन की पारी खेली नाजिम सिद्दीकी 65 मोहित कुमार ने 61 रन की पारी खेली सोनू और मुकेश को 2-2 विकेट प्राप्त हुआ । जवाब में जामताड़ा की टीम 50 ओवरों में 6 विकेट खोकर 215 रन ही बना पाई विल्फ्रेड बैंग ने 60 रन कृष्ण पटेल ने 43* रन बनाए संकट मोचन और पंकज को 2-2 विकेट प्राप्त हुआ । पंकज कुमार को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया ।

# द राजा साब की रिलीज से पहले प्रभास का डांस सीक्वेंस ऑनलाइन हुआ लीक



द राजा साब फिल्म से प्रभास का एक डांस वीडियो ऑनलाइन लीक हो गया है। इस वायरल क्लिप में प्रभास जोश के साथ नाचते दिख रहे हैं और वहां पर मौजूद लोग उनकी प्रशंसा करते नजर आ रहे हैं। साउथ अभिनेता प्रभास इन दिनों अपनी कई फिल्मों को लेकर चर्चा में हैं। लेकिन सबसे यादा प्रभास फिल्म द राजा साब को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच उनकी फिल्म द राजा साब का एक डांस सीक्वेंस ऑनलाइन सामने आया है, जो मिनटों में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। प्रभास की फिल्म द राजा साब 10 अप्रैल 2025 को रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म में प्रभास मुख्य किरदार नजर आएंगे। यह एक हॉरर कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। पिंकविला की एक खबर के मुताबिक, फिल्म की रिलीज से पहले इसके सेट से वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर लीक हो रही हैं। लेटेस्ट वीडियो में प्रभास पीली चेक शर्ट पहने डांस करते नजर आ रहे हैं, जो फिल्म के एक पोस्टर में भी दिखाई दी थी। हॉरर रोमांटिक कॉमेडी फिल्म द राजा साब को मारुति बना रहे हैं। 10 अप्रैल, 2025 को रिलीज होने वाली द राजा साब की शूटिंग प्रभास की चोट की वजह से रुक गई थी। अब माना जा रहा है कि फिल्म दिवाली 2025 में रिलीज हो सकती है। इससे पहले फिल्म का एक एक्शन सीन भी लीक हुआ था, जिसमें मालविका मोहनन गुलाबी ड्रेस में गुंडों से लड़ती दिखीं। इससे पहले निधि अग्रवाल की एक तस्वीर भी सामने आई थी, जिसे लोग फिल्म से जोड़ रहे थे। लेकिन निधि ने बताया कि यह फिल्म से नहीं, बल्कि एक विज्ञापन की शूटिंग की तस्वीर थी। प्रभास के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनके पास द राजा साब के अलावा स्पिरिट, सालार पार्ट 2, कल्कि 2898 एडी पार्ट 2 और कन्नप्पा जैसी कई बड़ी फिल्में हैं। प्रभास के प्रशंसक उनकी हर एक फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## चित्रांगदा सिंह का ओटीटी डेब्यू



नेटफ्लिक्स की चर्चित वेब सीरीज़ खाकी - द बिहार चैप्टर के बाद अब दर्शकों के लिए खाकी - द बंगाल चैप्टर रिलीज हो चुकी है। 20 मार्च को आई इस सीरीज़ में आईपीएस अधिकारी अर्जुन मैत्रा की कहानी दिखाई गई है, जो बंगाल में अपराध और राजनीति के जाल को तोड़ने की कोशिश करते हैं। इस सीरीज़ को देबातमा मंडल और तुषार कान्ति राय ने डायरेक्ट किया है और इसके क्रिएटर नीरज पांडे हैं। इस सीरीज़ में जीत, प्रोसेनजीत चटर्जी, ऋत्विक भौमिक, आदिल जफर खान और चित्रांगदा सिंह मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। खास बात यह है कि चित्रांगदा सिंह का यह ओटीटी डेब्यू है। उन्होंने बताया कि वह लंबे समय से नीरज पांडे के साथ काम करना चाहती थीं और जब उन्हें यह मौका मिला, तो उन्होंने तुरंत हां कर दी। इस सीरीज़ में चित्रांगदा एक पॉलिटिशियन की भूमिका निभा रही हैं, जो उनके लिए एक नया और रोमांचक अनुभव है। खाकी - द बंगाल चैप्टर को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है और यह सीरीज़ पहले दिन से ही सुर्खियों में बनी हुई है।

## थामा का सेट बना चर्चा का विषय



साउथ और बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी आगामी फिल्म थामा की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्म के सेट से एक तस्वीर साझा की, जिसमें निर्देशक आदित्य सरपोतदार नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ रश्मिका ने मजेदार कैप्शन दिया, मेरे निर्देशक... हर बार मुझे रात में शूटिंग करने के लिए मजबूर करते हैं... आइस बकेट... यही मेरी जिंदगी की कहानी है। इसके बाद उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में फिर से अपडेट किया और लिखा, स्मार्ट शब्द... बिल्कुल पता है कि थामा (वैंपायर) को कैसे खुश करना है! रश्मिका की इस पोस्ट पर फैंस खूब प्रतिक्रिया दे रहे हैं और उनकी फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। थामा एक हॉरर-थ्रिलर फिल्म है, जो एक इतिहासकार की रहस्यमयी यात्रा पर आधारित है। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार कर रहे हैं। इसके अलावा रश्मिका सलमान खान की फिल्म सिकंदर में भी नजर आएंगी, जो ईद 2025 पर रिलीज होगी। अपनी आगामी फिल्मों को लेकर रश्मिका काफी उत्साहित हैं और फैंस को भी उनकी इन फिल्मों का बेसब्री से इंतजार है।

## सलार- पार्ट 1-सीजफायर की री-रिलीज़ हुआ




पैन इंडिया स्तर पर धमाल मचाने के बाद सलार- पार्ट 1 - सीजफायर अब आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में री-रिलीज़ के बाद जबरदस्त रिस्पॉन्स बटोर रही है। एडवांस बुकिंग शुरू होते ही कुछ ही घंटों में सारे शोज़ हाउसफुल हो गए। अब यह ब्लॉकबस्टर फिल्म कर्नाटक में भी रिलीज़ के लिए पूरी तरह तैयार है। होम्बले फिल्म्स की इस एक्शन-थ्रिलर ने अपनी दमदार कहानी, शानदार एक्शन और इमोशनल कनेक्ट के जरिए बॉक्स ऑफिस पर नया इतिहास रच दिया। दर्शकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया के चलते फिल्म को रिलीज के बाद से ही कल्ट स्टेटस मिल गया है। यह फिल्म न सिर्फ तेलुगु बल्कि पूरे भारत में भाषा की सीमाओं को पार करते हुए जबरदस्त लोकप्रियता हासिल कर चुकी है। अब तेलुगु वर्जन की री-रिलीज को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा करते हुए एक शानदार पोस्टर शेयर किया और लिखा, फिल्म के लिए आपके प्यार ने हमें फिर से सिनेमाघरों में वापस ला दिया है! दर्शक इस ब्लॉकबस्टर फिल्म को एक बार फिर बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# चंदेरी की महिला कारीगरों के साथ समय बिताएंगी कृतिका



बॉलीवुड अभिनेत्री कृतिका कामरा मप्र के चंदेरी की महिला कारीगरों के साथ समय बिताएंगी। कृतिका का मानना है कि एक कलाकार के रूप में उन्हें अपनी पहचान और प्रभाव का उपयोग समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए करना चाहिए। कृतिका का मध्य प्रदेश से गहरा जुड़ाव है, क्योंकि उनकी मां भी यहीं से हैं। उन्होंने बचपन में चंदेरी की समृद्ध कारीगरी और वहां के हस्तशिल्प को करीब से देखा है। इसी वजह से उन्होंने इस क्षेत्र की महिलाओं को समर्थन देने और उनके कौशल को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का संकल्प लिया है। उनका कहना है, जब हमने यह पहल शुरू की थी, तब हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य था कि राज्य की महिलाओं, विशेष रूप से चंदेरी की महिला कारीगरों को रोजगार के अवसर दिए जाएं और उनके पारंपरिक हुनर को एक नई पहचान मिले। चंदेरी की हथकरघा कारीगरी अपनी बारीकी और पारंपरिक डिजाइन के लिए जानी जाती है, लेकिन यहां के कलाकारों को उनके काम की उचित कीमत नहीं मिल पाती। कृतिका की इस पहल का उद्देश्य इन कारीगरों को उचित पारिश्रमिक दिलाने और उनके उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंचाने का है। उनका कहना है कि कई बार पारंपरिक कलाकारों को उनके हुनर की सही कीमत नहीं मिलती, जिससे उनके जीवनयापन में कठिनाइयां आती हैं। वह चाहती हैं कि इन महिलाओं को न केवल आर्थिक मजबूती मिले, बल्कि उनके काम को भी एक नई दिशा दी जाए। अभिनेत्री का कहना है कि वह अपने राज्य के लोगों की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहती हैं और इस पहल के जरिए वह अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने की योजना बना रही हैं। आने वाले दिनों में कृतिका चंदेरी जाकर इन महिलाओं से मुलाकात करेंगी और उनके साथ काम करने की योजना बनाएंगी। उन्होंने कहा कि चंदेरी की हथकरघा कारीगरी न केवल देश की सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है, बल्कि यह महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में भी अहम भूमिका निभाती है। उनका लक्ष्य है कि इन महिलाओं को उनके काम के लिए उचित पहचान और बाजार मिले, ताकि उनकी जिंदगी में सुधार हो सके और वे सशक्त बन सकें। बता दें कि चंदेरी की महिला कामगार वे महिलाएं हैं, जो कृतिका कामरा की एक खास पहल का हिस्सा हैं, जिसे उन्होंने 2024 में शुरू किया था। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।

## शादी के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहे हैं करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश





एक्टर करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश की शादी को लेकर फिर अटकलें तेज हो गई हैं। करण कुंद्रा ने अपनी शादी की योजनाओं पर खुलकर बात की और बताया कि वह इस बारे में ज्यादा नहीं सोच रहे हैं। हालांकि, तेजस्वी की मां की हालिया टिप्पणी से फैंस में उत्साह बढ़ गया है। एक इंटरव्यू में जब करण से उनकी शादी के मेन्यू के बारे में पूछा गया तो उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, मैं खाने का बड़ा शौकीन हूं, लेकिन शादी के खाने की जिम्मेदारी पेशेवरों पर छोड़ना पसंद करूंगा। उन्होंने पुराने वीडियो के संदर्भ में हंसते हुए कहा, मुझे लगता है कि वह एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) था। करण ने तेजस्वी के साथ अपने रिश्ते पर भी बात की और बताया कि तेजस्वी अक्सर उनके लिए खाना बनाती हैं। उन्होंने कहा, तेजस्वी को किचन में एक्सपेरिमेंट करना पसंद है। कल भी उसने कुछ नया बनाया और मैंने खाया। मुझे उसका बनाया खाना बहुत पसंद आता है। हाल ही में 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के एक एपिसोड में फराह खान ने तेजस्वी की मां से उनकी शादी को लेकर सवाल किया। इस पर तेजस्वी की मां ने बेझिझक जवाब दिया, इसी साल शादी हो जाएगी। तेजस्वी इस जवाब को सुनकर शर्म से लाल हो गईं और हंसते हुए बोलीं, ऐसी कोई बात नहीं है। हालांकि, तेजस्वी ने शादी को लेकर अपनी राय साझा करते हुए कहा, मैं इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देती। मुझे कोर्ट मैरिज से कोई दिक्कत नहीं है। हम शादी के बाद घूमने-फिरने और ऐश करने का प्लान बना सकते हैं। करण और तेजस्वी की पहली मुलाकात बिग बॉस 15 के दौरान हुई थी।

## जैमी लीवर अब अमेरिका में अपनी कॉमेडी से दर्शकों को करेगी लोटपोट



भारत के बाद अब अमेरिका में मशहूर कॉमेडियन जॉनी लीवर की बेटी जैमी लीवर अपनी कॉमेडी से दर्शकों को लोटपोट करने जा रही हैं। जैमी लीवर ने अपने उत्तरी अमेरिका टूर 'द जैमी लीवर शो' की घोषणा की और इसे प्रमोट करने के लिए अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप का एडिटेड वीडियो मजेदार अंदाज में शेयर किया। अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जैमी ने यह वीडियो पोस्ट किया, जिसमें ट्रंप के भाषणों के कुछ अंश एडिट किए गए हैं और जैमी अपनी अनोखी हाजिरजवाबी से इसका जवाब देती नजर आ रही हैं। वीडियो की शुरुआत में ट्रंप पूछते हैं, आप कहां से हैं? इस पर जैमी करीना कपूर के स्टाइल में कहती हैं, प्लीज, आपको नहीं पता मैं कहां से हूं? जहां से सुनीता विलियम्स हैं, मैं भी वहीं से हूं। वीडियो में आगे ट्रंप कहते हैं, क्या आप थोड़ा तेज बोल सकती हैं? इस पर जैमी फिर करीना के पूजा अवतार में जवाब देती हैं, ड्रामा ना करो, वो कौन है, जिसने मुझे मुड़कर नहीं देखा? इस एडिटेड बातचीत में जब ट्रंप कहते हैं, मैं समझ नहीं पा रहा कि आप क्या कह रही हैं, तो जैमी कंगना रनौत के अंदाज में बोलती हैं, देखिए, भारत एक खूबसूरत देश है और अमेरिका प्रेरणा है। कभी-कभी हममें प्रेरणा की कमी होती है, लेकिन मैं वादा करती हूं कि मैं भ्रष्टाचार खत्म करने में मदद करूंगी। बातचीत के अंत में ट्रंप कहते हैं, शुभकामनाएं और शांति से रहें, जिस पर जैमी तुरंत जवाब देती हैं, लेकिन ट्रंप जी, हम आपको शांति में नहीं रहने देंगे! इसके बाद वह अपने शो की घोषणा करते हुए कहती हैं, हम आ रहे हैं 5, 6, 7 को 'द जैमी लीवर शो' के साथ, उत्तरी अमेरिका में जल्द ही मिलते हैं! और फिर फराह खान और आशा भोसले की मिमिक्री करते हुए फैंस को न्योता देती हैं। जैमी के इस मजेदार वीडियो पर नेटिजन्स अपनी हंसी नहीं रोक पाए। कई लोगों ने इसे शानदार बताया, तो कुछ ने हंसी के इमोजी से अपनी प्रतिक्रिया दी। हालांकि, जल्द ही उन्होंने कॉमेडी की दुनिया में कदम रखा और बॉलीवुड में भी अपनी पहचान बनाई। उन्होंने 'किस किसको प्यार करूं', 'हाउसफुल 4', 'भूत पुलिस' और विद्युत जामवाल की फिल्म 'क्रैक' में भी अभिनय किया है। बता दें कि जैमी सिर्फ मशहूर कॉमेडियन जॉनी लीवर की बेटी ही नहीं, बल्कि एक बेहतरीन मिमिक्री आर्टिस्ट और कॉमेडियन भी हैं।

# जेवर एयरपोर्ट की जमीन पर अवैध निर्माण ध्वस्त





**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** यमुना अथॉरिटी ने ग्रेटर नोएडा के साबोता, मुस्तफाबाद, किशोरपुर और रामनेर (जेवर तहसील) में अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। भूमाफिया द्वारा किसानों की जमीन पर किए जा रहे अवैध कब्जे को तोड़ते हुए अधिकारियों ने बुलडोजर चलाया और अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया।

यमुना विकास प्राधिकरण के सीईओ के निर्देश पर एयरपोर्ट के लिए अधिग्रहित की जा रही जमीन पर किए जा रहे अवैध निर्माण को यमुना अथॉरिटी के ओएसडी (लैंड) शैलेन्द्र सिंह और SDM जेवर अभय सिंह की मौजूदगी में तोड़ दिया गया। अधिकारियों के अनुसार, इस कार्रवाई के तहत अरबों रुपये की बेशकीमती जमीन को भूमाफिया से मुक्त कराया गया है।

यमुना अथॉरिटी ने इस कदम को किसानों के हक में एक बड़ी जीत बताया है, क्योंकि भूमाफिया का यह प्रयास किसानों की भूमि पर अवैध कब्जा करने का था। यह कार्रवाई यमुना अथॉरिटी द्वारा अवैध अतिक्रमणों पर कड़ी कार्रवाई करने के एक हिस्से के रूप में देखी जा रही है, जो आने वाले समय में और तेज होने की उम्मीद है।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, यमुना अथॉरिटी आगे भी ऐसे अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की योजना बना रही है ताकि विकास कार्यों में किसी भी तरह की बाधा उत्पन्न न हो।

गौरतलब है की जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए अभी फेस-3 में 14 गावों को नोटिफाई किया गया है और इन गांव में अवैध निर्माण रोकने के लिए चार टीमों का भी गठन किया गया है। यहां पर लोग मुआवजा पाने के लिए अजेध निर्माण कर रहे थे। इसको लेकर के सैकड़ो नोटिस जारी किए जा चुके हैं। अब यमुना प्राधिकरण के द्वारा यहां बड़ी कार्रवाई की गई है और यहां पर बुलडोजर चला कर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जा रहा है।

# संचारी रोग नियंत्रण के लिए 1 अप्रैल से अभियान



**नोएडा (चेतना मंच)।** जिला अधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शिल्प हाट सेक्टर-33ए नोएडा के सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के संबंध में आयोजित बैठक संपन्न हुई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेन्द्र कुमार ने जिला अधिकारी को अवगत कराया कि जनपद में संचारी रोग नियन्त्रण एवं दस्तक अभियान संचालित किया जाना है। 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 के मध्य संचारी रोग नियन्त्रण एवं 10 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 के मध्य दस्तक अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान में विभिन्न विभाग जैसे पंचायतीराज, शिक्षा विभाग, नोएडा/से0नो0/यमुना एक्सप्रेस-वे विकास प्राधिकरण, नगर पालिका/नगर पंचायत, पशु पालन विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के समन्वय से कार्यक्रम का संचालन किया जाना है।

जिला अधिकारी ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी विभाग माइकोप्लान कार्ययोजना के अनुसार क्षेत्र में कार्य करेंगे साथ ही माइकोप्लान के अनुसार सभी अधिकारी कार्य का पर्यवेक्षण करेगें, जिसमें समस्त विभाग के अधिकारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस बार के अभियान में अत्यधिक गर्मी पडने के कारण नगर विकास विभाग शुद्ध पेयजल की व्यवस्था एवं शेल्टर की व्यवस्था करेंगे तथा अत्यधिक भीड-भाड वाले स्थानों में तापमान का डिस्प्ले भी करना सुनिश्चित किया जाए।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि ग्रामीण क्षेत्र में डेंगू मलेरिया संवेदनशील ग्रामों में विशेष रूप से साफ-सफाई अभियान चलाया जाए।

# बादलपुर में रेंजर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**नोएडा (चेतना मंच)।** कु. मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बादलपुर में रेंजर शिविर का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया।

सर्वप्रथम महाविद्यालय प्राचार्य एवं संरक्षक प्रो. डॉ0 अनीता रानी राठौङ के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती प्रतिमा को पुष्प अर्पित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। छात्रा दुर्गा के द्वारा सरस्वती वंदना की मधुर प्रस्तुति की गई। प्राचार्या ने ध्वजारोहण करके शिविर का औपचारिक शुभारंभ किया। प्राचार्य प्रो अनीता रानी राठौर ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को शिविर में निरंतर उपस्थिति बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि स्काउट गाइड जैसे आयोजन युवाओं में अनुशासन, नैतिकता, लाइफ स्किल एवं समाज सेवा के मूल्यों का विकास कर उनकी प्रतिभाओं को निखारने में सहायता करते है, शिविर का आयोजन छात्राओं को रचनात्मक मंच प्रदान करता है, जिससे कि सशक्त युवा एक सशक्त समाज का आधार बन सके।

स्काउट गाइड प्रशिक्षक के रूप में जिला संगठन आयुक्त स्काउट शिवकुमार एवं जिला संगठन आयुक्त गाइड शेफाली के द्वारा छात्राओं को कैंप के नियम बताए गए । मंच का संचालन डॉ भावना यादव के द्वारा किया गया। डॉ ऋचा ने धन्यवाद ज्ञापन किया साथ ही प्रथम दिन शिविर में छात्राओं को First aid संबंधी प्रशिक्षण दिया गया।अहिल्याबाई टीम प्रभारी डॉ बॉबी यादव, गार्गी टीम प्रभारी डॉ भावना यादव समिति सदस्य डॉ ऋचा एवं डॉ दीप्ति कमल कश्यप तथा महाविद्यालय के प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# एचपीवी टीकाकरण अभियान में फेलिक्स हॉस्पिटल की भूमिका अहम

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-31 इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) नोएडा भवन में एचपीवी टीकाकरण अभियान आयोजित किया गया। इसमें फेलिक्स हॉस्पिटल्स ने एचपीवी टीकाकरण अभियान में भाग लिया। इस अभियान का नेतृत्व मुख्य अतिथि डॉ. रश्मि सिंह (आईएएस, भारत सरकार एवं आकांक्षा समिति अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ने किया । आकांक्षा समिति के सहयोग से आयोजित इस पहल का उद्देश्य युवा लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाना और समय पर टीकाकरण की आवश्यकता के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर गौतम बुद्ध नगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, आकांक्षा समिति गौतम बुद्ध नगर की अध्यक्ष डॉ. अंकिता राज, फेलिक्स हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. डी.के. गुप्ता और फेलिक्स हॉस्पिटल्स की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. रश्मि गुप्ता मौजूद रहे।

फेलिक्स हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. डी.के. गुप्ता ने कहा निवारक स्वास्थ्य देखभाल ही भविष्य की कुंजी है। यह टीकाकरण अभियान न केवल एक चिकित्सा पहल है, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को भी दर्शाता है। हम आगे भी ऐसे प्रयास जारी रखेंगे। रोकथाम जागरूकता से शुरू होती है और कार्यवाही से सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित होता है। यह पहल ना केवल नोएडा बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणा है, जिससे महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता मिलेगी। अस्पताल की निदेशक डॉ. रश्मि गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि महिलाओं और बच्चियों का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है। इस टीकाकरण अभियान के तहत लगभग 200 लड़कियों को एचपीवी वैक्सीन दी गई। जो सर्वाइकल कैंसर मुक्त भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर को रोकने के लिए एचपीवी वैक्सीन एक कारगर उपाय है। ऐसे अभियान समाज में जागरूकता बढ़ाने और भविष्य को सुरक्षित करने के लिए बेहद आवश्यक हैं। आकांक्षा समिति गौतमबुद्धनगर की अध्यक्ष डॉ. अंकिता राज ने कहा हमारे संगठन का उद्देश्य समाज की बेटियों को स्वस्थ और सशक्त बनाना है। यह पहल एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।




- देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने में प्रथम
- 56 लाख+ परिवारों के लिए पक्के आवास
- पीएम किसान सम्मान निधि के क्रियान्वयन में प्रथम
- 1.86 करोड़ उज्ज्वला गैस कनेक्शन का वितरण
- स्ट्रीट वेंडर्स को पीएम स्वनिधि ऋण वितरण में प्रथम
- सर्वाधिक 2.75 करोड़ शौचालयों का निर्माण

उत्तर प्रदेश नं. 1

- 15 करोड़ नागरिकों को निःशुल्क राशन का वितरण
- 60 लाख माताओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना सहायता
- 1.58 करोड़ घरों को निःशुल्क बिजली कनेक्शन
- 9 करोड़ लोगों को ₹5 लाख तक का निःशुल्क उपचार
- 9.57 करोड़ लोगों का जन धन बैंक खाता
- 1 करोड़ परिवारों को घरौनी प्रमाण पत्र वितरित

खुशहाल किसान, यूपी की पहचान
- पहली कैबिनेट का पहला निर्णय: ₹36,359 करोड़ का फसल ऋण मोचन, 94 लाख किसान लाभान्वित
- खाद्यान्न उत्पादन : वर्ष 2016-17 में 557.46 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 668.39 लाख मीट्रिक टन (20% वृद्धि)
- सिंचन क्षमता : वर्ष 2017 तक 82.58 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 131 लाख हेक्टेयर, 976 परियोजनाएं पूर्ण
- रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान : 2017 से अब तक ₹2.80 लाख करोड़ का भुगतान, पिछले 22 वर्षों में हुए कुल भुगतान से ₹66 हजार करोड़+ अधिक
- चीनी मिल : 3 नयी चीनी मिल, 6 चीनी मिलों का पुनर्संचालन, 38 चीनी मिलों का क्षमता विस्तार
- अनाज खरीद : बिचौलियों को बाहर किया, ₹43,424 करोड़ गेहूं मूल्य एवं ₹88,746 करोड़ धान मूल्य का भुगतान
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना : 2.86 करोड़ किसानों को ₹80,000 करोड़+ हस्तांतरित
- प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अन्तर्गत 73,924 सोलर पंपों की स्थापना

सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश
- महिलाओं के लिए पुलिस में 20 प्रतिशत पद, 1.38 लाख+को सरकारी नौकरी
- 10 लाख+ स्वयं सहायता समूह से 1 करोड़+ महिलाओं को रोजगार
- महिला वर्क फोर्स : 2017 में 14.2 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 35.1 प्रतिशत हुआ
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना : 1.86 करोड़ परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन, होली व दीपावली पर मुफ्त एलपीजी सिलेंडर रीफिल
- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना : 22.11 लाख बालिकाएं लाभान्वित
- निराश्रित महिला पेंशन योजना : 33.55 लाख महिलाएं लाभान्वित
- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना : 4.22 लाख जोड़ों का विवाह संपन्न, धनराशि ₹51 हजार से बढ़ाकर ₹1 लाख
- आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों व सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि, 3.73 लाख महिलाएं लाभान्वित
- बी.सी. सखी : 39 हजार+ ने 31,626 करोड़ का लेनदेन किया, 85.81 करोड़ लाभांश

काम दमदार, युवाओं को रोजगार
- 2017 में प्रति व्यक्ति आय ₹46 हजार से बढ़कर 2024 में ₹1 लाख 24 हजार
- बेरोजगारी दर : 2016 में 18 प्रतिशत युवा बेरोजगार, 2024 में बेरोजगारी दर घटकर 3 प्रतिशत
- निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया : 8.5 लाख+ सरकारी नौकरी, 3.75 लाख+ संविदा पर नियुक्ति
- MSME एवं निजी क्षेत्र में 2 करोड़+ रोजगार एवं ODOP योजना से 2.54 लाख+ रोजगार
- मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 2.27 लाख+ युवाओं को रोजगार
- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत 10 लाख नये उद्यमी तैयार करने का लक्ष्य

सबके साथ सरकार
- 3,213 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण पूरा, 1,630 पर कार्य प्रगतिशील
- अनुसूचित जाति (पूर्व दशम) के 32,49,854 छात्र-छात्राओं को ₹708.49 करोड़ छात्रवृत्ति
- अनुसूचित जाति (दशमोत्तर) के 89,31,203 छात्र-छात्राओं को ₹9,662.25 करोड़ छात्रवृत्ति
- पिछड़ा वर्ग (पूर्व दशम) के 62,79,519 छात्र-छात्राओं को ₹1,28,627.48 करोड़ छात्रवृत्ति
- पिछड़ा वर्ग (दशमोत्तर) के 1,31,05,263 छात्र-छात्राओं को ₹7,62,524.03 करोड़ छात्रवृत्ति
- सामान्य वर्ग (पूर्व दशम) के 8,58,750 छात्र-छात्राओं को ₹221.95 करोड़ छात्रवृत्ति
- सामान्य वर्ग (दशमोत्तर) के 48,13,347 छात्र-छात्राओं को ₹5,499.86 करोड़ छात्रवृत्ति

स्वास्थ्य का उपहार
- आयुष्मान भारत : 9 करोड़ लोगों को ₹5 लाख तक का मुफ्त चिकित्सा बीमा
- 80 मेडिकल कॉलेज संचालित, 11,300 एमबीबीएस सीटों की वृद्धि
- गोरखपुर एवं रायबरेली में एम्स, लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय
- महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर
- 22,681 आरोग्य मंदिर का संचालन

विकास पथ पर यूपी का रथ
- 6 एक्सप्रेसवे संचालित, 11 पर काम जारी, गंगा एक्सप्रेसवे बनने के बाद देश के कुल एक्सप्रेसवे में 55% की हिस्सेदारी
- एक्सप्रेसवे की लम्बाई : 2017 तक 491 किलोमीटर, 2024 तक 1225 किलोमीटर
- 32 हजार किमी+ लम्बाई के मार्गों का नवनिर्माण, 25 हजार किमी के मार्गों का चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण
- 2017 तक केवल 04 एयरपोर्ट, 21 एयरपोर्ट की ओर अग्रसर देश का एकमात्र राज्य, जिनमें 05 इंटरनेशनल एयरपोर्ट
- देश का सबसे बड़ा जेवर एयरपोर्ट लगभग तैयार, सबसे बड़ा एयर कार्गो हब बनेगा उत्तर प्रदेश
- हल्दिया से वाराणसी तक जलमार्ग संचालित, प्रयागराज-अयोध्या तक विस्तारीकरण का कार्य जारी

अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस
- 2017 के पहले माफिया-अपराधी बेलगाम, 2017 के बाद कानून का राज, भयमुक्त व्यवस्था
- एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार डकैती के मामलों में 84.41%, लूट में 77.43%, हत्या में 41.01%, बलवा में 66.40%, फिरौती के लिए अपहरण में 54.72%, दहेज हत्या में 17.08% और बलात्कार के मामलों में 26.15% की कमी
- 79,984 अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट, 930 अपराधियों के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई
- माफिया के अवैध कब्जे से लगभग ₹3000 करोड़ की संपत्ति जब्त, अवैध संपत्तियां गिराकर उन पर गरीबों के लिए आवास
- 222 दुर्दांत अपराधी एनकाउंटर में ढेर, 28,000+ बदमाश जेल भेजे गए
- 7 महानगरों में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था, 18 एंटी टैररिस्ट स्क्वैड यूनिट स्थापित
- 6 स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स की वाहिनियां, 3 महिला पीएसी बटालियन स्थापित
- सभी जनपदों में साइबर थाने, 11 लाख+ सीसीटीवी कैमरों की स्थापना
- 112 पुलिस कंट्रोल का रिस्पॉन्स टाइम 2017 से पहले 25.42 मिनट, 2024 में घटकर 7.24 मिनट

विरासत भी, विकास भी
- महाकुम्भ 2025 में 66.30 करोड़+ श्रद्धालुओं का पुण्य स्नान
- महाकुम्भ से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 3.50 लाख करोड़+ की वृद्धि
- 6 आध्यात्मिक कॉरिडोर के विकास से पर्यटन में वृद्धि
- अयोध्या में दिव्य-भव्य प्रभु श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण
- वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर का विकास
- अयोध्या में भव्य-दिव्य दीपोत्सव, काशी में देव-दीपावली

अंत्योदय से गरीब कल्याण
- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना : 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन
- प्रधानमंत्री आवास योजना : 56 लाख+ आवासों का निर्माण
- पीएम स्वनिधि योजना : 1,80,000+ स्ट्रीट वेंडर्स को ₹3,000 करोड़ + का ऋण
- हर घर जल योजना : 2.37 करोड़ + परिवारों को नल से स्वच्छ पेयजल की सुविधा
- मनरेगा : 200 करोड़ मानव दिवस सृजित, 100 दिन का रोजगार देने में प्रथम

सबको शिक्षा-उत्तम शिक्षा
- सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर अटल आवासीय विद्यालयों का निर्माण
- 57 असेवित जनपदों में सीएम मॉडल कम्पोजिट विद्यालय का निर्माण
- अलीगढ़, आजमगढ़, सहारनपुर, बलरामपुर, मीरजापुर एवं मुरादाबाद में राज्य विश्वविद्यालयों का संचालन
- प्रयागराज में डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का निर्माण
- गोरखपुर में सैनिक स्कूल, फॉरेस्ट्री कॉलेज, एनसीसी ट्रेनिंग एकेडमी
- गोरखपुर एवं चंदौली में पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय



सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश | UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP